आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594
वर्ष-11 । अंक 77 । मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण

!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!

इंदौर, रायपुर व भोपाल से एक साथ प्रकाशित

दैनिक आदित्य भारत

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर, शुक्रवार, 21 मार्च, 2025

# बीजापुर-कांकेर में मुठभेड़, 30 नक्सली ढेर, 1 जवान शहीद

## ऑटोमेटिक हथियार व गोला-बारूद बरामद

एजेंसी ● बीजापुर

बीजापुर जिले के गंगालुर थाना क्षेत्र में गुरुवार तड़के पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। बीजापुर पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि बीजापुर जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के एक जवान का बलिदान हो गया है। बीजापुर में नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में 26 नक्सली मारे गए हैं। बीजापुर की मुठभेड़ में DRG (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) का एक जवान भी शहीद हुआ है। वहीं, दूसरी और कांकेर में जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें चार नक्सली मारे गए। सभी 30 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। हथियार और गोला-बारूद बरामद हुए हैं। बीजापुर और दंतेवाड़ा की सीमा के पास थाना गंगालुर क्षेत्रान्तर्गत माओवादी विरोधी अभियान पर संयुक्त टीम निकली थी। अभियान के दौरान आज सुबह 7 बजे से माओवादियों और सुरक्षाबलों के बीच फायरिंग शुरू हो गई।

मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद के साथ 26 नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं। वहीं, दूसरी तरफ मुठभेड़ में बीजापुर डीआरजी के एक जवान का बलिदान हो गया है। मुठभेड़ के बाद तलाशी अभियान जारी है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, बीजापुर और दंतेवाड़ा की सरहद के जंगली क्षेत्र गंगालुर थाना इलाके के तोड़का एंड्री के जंगल में सुरक्षाबलों की संयुक्त पार्टी के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में नक्सलियों को भारी नुकसान होने की खबर है।

**एनकाउंटर**



### अगले साल 31 मार्च से पहले नक्सलमुक्त होगा देश - केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, 'नक्सलमुक्त भारत अभियान' की दिशा में आज हमारे जवानों ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर में हमारे सुरक्षाबलों के दो अलग-अलग ऑपरेशन्स में 30 नक्सली मारे गए। मोदी सरकार नक्सलियों के खिलाफ रुथलेस अप्रोच से आगे बढ़ रही है और समर्पण से लेकर समावेशन की तमाम सुविधाओं के बावजूद जो नक्सली आत्मसमर्पण नहीं कर रहे, उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। अगले साल 31 मार्च से पहले देश नक्सलमुक्त होने वाला है।

### हमारी सरकार नक्सलवाद के नासूर को खत्म करने हेतु तत्पर : सीएम साय

यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री आपके कुशल नेतृत्व में हमारी सरकार नक्सलवाद के नासूर को खत्म करने हेतु तत्पर है। नक्सली अगर गोली-बारुद की बात कर रहे हैं, तो हमारी सरकार उसी भाषा में ठोस जवाब दे रही है और जो नक्सली बंदूक छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौट रहे हैं, उनके लिए हमारी सरकार नई आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति - 2025 के माध्यम से उनके पुनरुत्थान के लिए संकल्पबद्ध हैं। मानवता विरोधी नक्सलवाद को समाप्त करने में आज हमने अपने एक बहादुर जवान को खोया है।

# संसद में नारे लिखी टीशर्ट पहन पहुंचे विपक्षी सांसद

## लोकसभा स्पीकर बोले- टीशर्ट खोलकर आएंगे तभी सदन चलेगा

एजेंसी ● नई दिल्ली

बजट सत्र के सातवें दिन गुरुवार को DMK और कई विपक्षी सांसद नारे लिखी टी शर्ट पहनकर संसद में पहुंचे। विपक्ष की नारेबाजी और नियमों के उल्लंघन के कारण लोकसभा और राज्यसभा में कोई भी कामकाज नहीं हो सका। संसद शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

लोकसभा में डीएमके के सांसद जो टीशर्ट पहनकर पहुंचे थे, उस पर केंद्र के प्रस्तावित परिसीमन के खिलाफ लिखा था- तमिलनाडु लड़ेगा और जीतेगा। इसे देखकर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला नाराज हो गए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि सांसद जब टीशर्ट बदलकर आएंगे तभी सदन चलेगा।

डीएमके सदस्यों ने केंद्र के प्रस्तावित परिसीमन पर अपनी चिंताओं को लेकर दोनों सदनों में विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद लोकसभा पहले दोपहर 12 बजे, फिर 2 बजे और उसके बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। जबकि राज्यसभा दोपहर 12 बजे, दोपहर 12.15 बजे, दोपहर 2 बजे और उसके बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई।

इधर, भाजपा ने तीन लाइन का व्हिप जारी किया, जिसमें सभी लोकसभा सांसदों को केंद्रीय बजट 2025-26 पारित करने के लिए शुक्रवार को मौजूद रहने कहा गया है। व्हिप में लिखा है- लोकसभा में विभिन्न अनुदान मांगों 2025-26 को पारित करने के लिए गिलोटिनिंग की जाएगी। इसलिए सभी सांसद सदन में रहकर सरकार के रुख का समर्थन करें।



### नाराज स्पीकर ओम बिरला बोले- नियम 349 पढ़कर आएं सांसद



विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि सदन नियमों और शिष्टाचार के अनुसार चलता है। बिरला ने कहा कि कुछ सांसद नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं और सदन की गरिमा का उल्लंघन कर रहे हैं, जो स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि सदस्यों के इस तरह के व्यवहार से सदन नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि सदस्यों को रुल्स ऑफ बिजनेस के नियम 349 को पढ़कर आना चाहिए। राज्यसभा में भी, डीएमके सदस्यों ने लोकसभा और विधानसभा सीटों के परिसीमन या पुनर्निर्धारण के खिलाफ नारे लिखी टी-शर्ट पहनकर विरोध किया। हालांकि सभापति जगदीप धनखड़ ने किसी नियम का हवाला नहीं दिया, लेकिन डीएमके सदस्यों द्वारा टी-शर्ट पहनने पर आपत्ति जताई।

### क्या है संसद में रूल्स ऑफ बिजनेस का नियम 349

नियम 349, सदन में सदस्यों के लिए पालन किए जाने वाले नियमों से संबंधित है। नियम 349 (xvi) कहता है- जब सदन चल रहा हो, तो कोई सदस्य सदन में झंडे, प्रतीक या कोई भी प्रदर्शन नहीं करेगा। एक और उप-धारा सदस्यों को सदन में किसी भी प्रकार का बैज पहनने या प्रदर्शित करने से रोकती है, सिवाय राष्ट्रीय ध्वज के लैपल पिन या बैज के रुप में।

## न्यूज ब्रीफ

### कोलकाता रेप-मर्डर केस, ट्रेनी डॉक्टर का डेथ सर्टिफिकेट जारी

**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में 9 अगस्त 2024 को ट्रेनी डॉक्टर की रेप के बाद हत्या कर दी गई थी। घटना के 222 दिन बाद कोलकाता म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन (KMC) ने पीड़ित का डेथ सर्टिफिकेट जारी किया। 19 मार्च को हेल्थ सेक्रेटरी ने इसे पीड़ित के घर जाकर पेरेंट्स को सौंपा। इससे पहले 23 फरवरी को पीड़ित डॉक्टर के परिवार ने आरोप लगाया था कि कोलकाता नगर निगम (KMC) डेथ सर्टिफिकेट जारी नहीं कर रही है। जबकि पानीहाटी नगर पालिका बेटी के दाह संस्कार का सर्टिफिकेट जारी कर चुकी है। माता-पिता ने बताया था कि KMC अधिकारियों ने कहा है कि डेथ सर्टिफिकेट जारी करने की जिम्मेदारी आरजी कर अस्पताल की है। जबकि, अस्पताल प्रबंधन ने कहा है कि सर्टिफिकेट KMC जारी करेगा।

### क्रिकेटर चहल और धनश्री का 4 साल बाद तलाक

**मुंबई।** क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा का शादी के 4 साल बाद गुरुवार को तलाक हो गया। मुंबई की फैमिली कोर्ट ने गुरुवार को इस पर मुहर लगा दी। दोनों ढाई साल से अलग रह रहे थे। इनकी शादी 11 दिसंबर 2020 को हुई थी। चहल के वकील नितिन कुमार गुप्ता ने बताया, 'फैमिली कोर्ट ने दोनों पक्षों की संयुक्त याचिका स्वीकार कर ली है। अब दोनों पति-पत्नी नहीं रहे।' फैसला सुनाए जाने के दौरान चहल और धनश्री कोर्ट में मौजूद थे। बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक दिन पहले चहल की याचिका पर फैमिली कोर्ट को 20 मार्च को फैसला सुनाने का आदेश दिया था। जस्टिस माधव जामदार की सिंगल बेंच ने कहा था, 'चहल 21 मार्च से उपलब्ध नहीं होंगे, क्योंकि उन्हें IPL में हिस्सा लेना है।'

# शंभू बॉर्डर 13 महीने बाद खुला

## हाईवे पर आवाजाही शुरू, खनौरी बॉर्डर से भी बैरिकेडिंग हटी

एजेंसी ● पटियाला/अंबाला/जींद/जालंधर/संगरूर

किसान आंदोलन की वजह से 13 महीने से बंद हरियाणा-पंजाब का शंभू बॉर्डर गुरुवार (20 मार्च) को खुल गया है। अंबाला से पटियाला के बीच दोनों लेन पर ट्रैफिक चालू हो गया है। इससे पंजाब से हरियाणा और दिल्ली आने-जाने वालों को राहत मिलेगी।

वहीं दिल्ली-पटियाला हाईवे पर बने खनौरी बॉर्डर पर हरियाणा पुलिस ने अपने क्षेत्र की दोनों लेन खोल दी हैं। वहां से सीमेंट की बैरिकेडिंग हटा ली गई है। हालांकि पंजाब की तरफ अभी किसानों की ट्रैक्टर ट्रालियां खड़ी हैं, जिस वजह से सिर्फ टू-व्हीलर की ही आवाजाही शुरू हो पाई है।

बुधवार(19 मार्च) रात को पुलिस ने शंभू और खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों को हटा दिया था। इसके खिलाफ पंजाब के सभी जिलों में किसानों ने प्रदर्शन किया। हाईवे जाम करने की कोशिश में 5 जिलों- बठिंडा, मुक्तसर, मोगा, फरीदकोट व होशियारपुर में किसानों की पुलिस से झड़प भी हुई।

हरियाणा के किसानों ने CM नायब सैनी को मांगें मानने के लिए 1 महीने का अल्टीमेटम दिया है। गुरुवार को कुरुक्षेत्र में CM का घर घेरने पहुंचे इन किसानों को पुलिस ने रोक लिया था।

इधर, पुलिस ने गुरुवार सुबह किसान नेता जगजीत डल्लेवाल को पंजाब में आर्मी के कंट्रोल वाले जालंधर कैंट के PWD रेस्ट हाउस में शिफ्ट कर दिया है। बुधवार दोपहर हिरासत में लेने के बाद पहले उन्हें जालंधर सिटी के PIMS अस्पताल ले जाया गया था।




नागपुर हिंसा

### मास्टरमाइंड फहीम समेत 6 पर देशद्रोह का केस

**नागपुर।** औरंगजेब की कब्र हटाने को लेकर 17 मार्च को नागपुर में हुई हिंसा के मामले में मास्टरमाइंड फहीम समेत 6 आरोपियों के खिलाफ देशद्रोह का केस दर्ज हुआ है। फहीम पर 500 से ज्यादा दंगाइयों को इकट्ठा करने और हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप है। पुलिस ने अब तक 84 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें विश्व हिंदू परिषद (VHP) के भी 8 कार्यकर्ता शामिल हैं। 19 आरोपियों को 21 मार्च तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। वहीं, तीन दिन बाद हिंसा प्रभावित कपिलवन और नंदनगढ़ इलाके से कर्फ्यू हटा दिया गया है। साइबर सेल ने अफवाह फैलाने और हिंसा भड़काने के मामले में 34 सोशल मीडिया अकाउंट पर कार्रवाई की है, साथ ही 10 FIR की गई हैं। इसके अलावा पुलिस ने बुधवार को मामले में बांग्लादेश कनेक्शन मिलने का दावा किया है।

# कर्नाटक के मंत्री का दावा- 48 नेता हनीट्रैप में फंसे

## इनमें राज्य के मंत्री और केंद्रीय मंत्री भी; गृहमंत्री ने जांच के आदेश दिए

एजेंसी ● बेंगलुरु

कर्नाटक विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सहकारिता मंत्री केएन राजन्ना ने दावा किया कि उन्हें हनी ट्रैप में फंसाने की कोशिश की गई है। राजन्ना ने यह भी कहा कि 48 राजनेताओं की सीडी और पेन ड्राइव बनाई गई हैं। इसके बाद उन्होंने गृह मंत्री से मामले की जांच करवाने की मांग की। जिसे मानते हुए गृहमंत्री ने मामले की हाई लेवल जांच के आदेश दिए हैं।

दरअसल, बजट सत्र के दौरान विजयपुरा विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल ने कहा कि राज्य में सहकारिता मंत्री को हनीट्रैप में फंसाने का प्रयास किया गया है। पाटिल बोले- यह बहुत बुरा कल्चर बन गया है कि जनप्रतिनिधियों को ब्लैकमेल किया जा रहा है।



इसके बाद राजन्ना ने पाटिल की बात स्वीकार करते हुए कहा- सिर्फ मैं नहीं, कई लोग कहते हैं कि कर्नाटक सीडी और पेन ड्राइव फैक्ट्री बन गया है। ऐसा कहा जा रहा है कि तुमकुरु के एक मंत्री को हनी ट्रैप में फंसाया गया है और तुमकुरु के मंत्री जी परमेश्वर और मैं हैं।

राजन्ना बोले- कई राजनीतिक पार्टियों के 48 नेता हनी ट्रैप में फंसाए गए हैं। यह मामला केवल कर्नाटक तक सीमित नहीं है। यह राष्ट्रीय स्तर तक फैला हुआ है, जिसमें देश भर की पार्टियों के नेता शामिल हैं। मैं गृह मंत्री से मांग करता हूं कि इसकी जांच होनी चाहिए।

54 हजार करोड़ की डिफेंस डील, केंद्र सरकार की मंजूरी

# सेना को मिलेंगी 307 हॉवित्जर तोपें; बॉर्डर पर होगी तैनात

एजेंसी ● नई दिल्ली

**फैसला**

भारत ने सेना की डिफेंस कैपसिटी बढ़ाने के लिए गुरुवार को दो बड़े फैसले लिए हैं। केंद्र सरकार ने 7,000 करोड़ की लागत से 307 एडवांस तोपें (ATAGS) खरीदने को मंजूरी दे दी है, जिन्हें पाकिस्तान और चीन बॉर्डर पर तैनात किया जाएगा।

साथ ही, रक्षा मंत्रालय ने 54,000 करोड़ की सैन्य खरीद को हरी झंडी दी। इसमें एयरबोर्न अर्ली वार्निंग सिस्टम, T-90 टैंकों के नए इंजन और नौसेना के लिए वरुणास्त्र टॉरपीडो शामिल हैं।

जैसा कि इसके नाम Advanced Towed Artillery Gun System से जाहिर है कि यह टोड गन यानी ऐसी तोप है जिसे ट्रक से खींचा जाता है। हालांकि, यह गोला दागने के बाद बोफोर्स की तरह कुछ दूर खुद ही जा सकती है। इस तोप का कैलिबर 155MM है। मतलब यह कि इस आधुनिक तोप से 155MM वाले गोले दागे जा सकते हैं। ATAGS को हॉवित्जर भी कहा जाता है।

हॉवित्जर यानी छोटी तोपें। दरअसल, दूसरे विश्व युद्ध और उसके बाद तक युद्ध में बहुत बड़ी और भारी तोपों का इस्तेमाल होता था। इन्हें लंबी दूरी तक ले जाने और ऊंचाई पर तैनात करने में काफी मुश्किलें होती थीं। ऐसे में हल्की और छोटी तोप बनाई गईं, जिन्हें हॉवित्जर कहा गया। इसे देशी बोफोर्स के नाम से भी जाना जाता है। इस तोप DRDO को पुणे स्थित लैब ARDE ने भारत फोर्ज लिमिटेड, महिंद्रा डिफेंस नेवल सिस्टम, टाटा पॉवर स्ट्रैटेजिक और ऑर्डिनेंस फैक्ट्री बोर्ड ने डेवलप किया है। 2013 में इसके डेवलपमेंट का काम शुरू हुआ था और पहला कामयाब टेस्ट 14 जुलाई 2016 में किया गया। इस तोप का इस्तेमाल और खासियत काफी कुछ बोफोर्स तोप से मिलती-जुलती हैं, इसलिए इसे देशी बोफोर्स भी कहा जाता है।



### दुकानों में रखे महंगे सूट व साड़ियां जल गई

# श्रृंगऋषि मार्केट में स्थित 17 दुकानों में भीषण अग्निकांड

**संवाददाता ● इंदौर**

**हादसा**

मध्यक्षेत्र के नलिया बाखल स्थित श्रृंगऋषि मार्केट में गुरुवार सुबह स्थित 17 दुकानों में भीषण अग्निकांड हो गया। दुकानों में रखे महंगे सूट व साड़ियां जल गई। घटना की जानकारी सुबह करीब 5.45 बजे पुलिस को मिली, जिसके बाद दमकल को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची दमकल ने आग पर काबू पा लिया। मध्यक्षेत्र के नलिया बाखल में आज सुबह 17 दुकानों में आगजनी की घटना हुई, जिसमें लगभग सभी दुकानों में रखा सामान जल गया है। 6 दुकानों में ज्यादा नुकसान हुआ है। कुछ दुकानों में सामान पूरा नहीं जला, लेकिन दमकल की बौछारों से वहां रखा कपड़ा खराब हो गया। यह मार्केट नलिया बाखल स्थित सिखवाल ब्राम्हण समाज की धर्मशाला में नीचे बना हुआ है। धर्मशाला के नीचे कुल 22 दुकानें है, जिन्हें किराये पर ट्रस्ट द्वारा दी गई है। 17 दुकानें एक मार्केट में बनी है, वहीं 5 दुकानें धर्मशाला के दोनों ओर फ्रंट की ओर है। मार्केट में बनी 17 दुकानों में आग लगी है।

बताया जा रहा है कि मार्केट के पीछे सुविधाधर बना हुआ है। सबसे पहले घटना की जानकारी सुविधाघर में मौजूद चौकीदार को लगी। उसने सुबह करीब चार वजे डायल 100 पर फोन किया, लेकिन फोन कनेक्ट नहीं हुआ तो उसे समझ नहीं आया कि क्या करूं। पुलिस को सूचना करीब साढ़े 5 बजे लगी, जिसके बाद दमकल को भी सूचना दी गई। जब तक दुकानों में भारी नुकसान हो चुका था। आग की लपेटों से धर्मशाला का एक हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया।



**लाखों का माल खाक**

मिली जानकारी के अनुसार वहां बनी 17 दुकानों में से 8 दुकानें भरत जैसवानी की सोनम फैब्रिक्स और सोनम सूट्स के नाम से है। वहीं गुलशन बुधानी की दिलीप क्रियेशन और लोटस फैशन के नाम से 3, अशोक वाधवानी की पूजा फैब्रिक्स के नाम से 2 और राजेश जैन की राजश्री फैब्रिक्स, नरसिंह मुछाल की राधिका फैब्रिक्स, जुगल किशोर कुईया की कुईया टेलर्स, चंद्रकुमार मूलचंदानी की दीप टैक्सटाइल की एक-एक दुकानें हैं। ऐसे कुल 17 दुकानों में लाखों का माल खाक हो गया। दरअसल अगले माह शादियों का सीजन है। इन दुकानों में महिलाओं की महंगी साड़ियां व सूट्स की विक्री होती हैं, ऐसे में अगले माह से सीजन के चलते लाखों का माल दुकानें में खचाखच भरा हुआ था।

**धर्मशाला में आज होना था बारहवां**

सिकवाल ब्राम्हण समाज की धर्मशाला में आज समाज के व्यक्ति ने बारहवां कार्यक्रम के लिए बुकिंग की थी। यहां कल रात करीब एक बजे तक कार्यक्रम के लिए हलवाईयों ने मिठाई बनाई, जिसके बाद वे चले गए। सुबह जब आए तो देखा तो आगजनी की घटना हुई है। तुरंत मौके से गैस की टंकियां भी हटाई गई। ट्रस्ट अध्यक्ष विजय पांड्या ने बताया कि हमने बारहवां कार्यक्रम यहां नहीं करने का कह दिया है। धर्मशाला का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है। ऐसे में हादसे की आशंका बढ़ गई है। विजय पांड्या ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद वह मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि दुकानदारों को फोन लगाकर घटना की जानकारी दी। एक समीप के दुकानदार ने लाखों रु. की राशि गल्ले से निकाली, हालांकि इस दुकान तक आग नहीं पहुंची थी। सराफा थाना प्रभारी रघुवंशी भी टीम के साथ सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे।

## शॉट न्यूज

### युवती का आईफोन, मंगेतर का लेपटॉप चोरी

**इंदौर**। विजयनगर पुलिस ने लैपटॉप चोरी का केस दर्ज किया है। बताया जाता है कि रात में युवती अपने रूम में सोई थी। यहां से उसका आईफोन और मंगेतर का लेपटॉप चोरी हो गया। चोरों की तलाश में पुलिस अब आसपास के फुटेज खंगाल रही है। विजयनगर पुलिस ने शुभि पिता संजीव गुप्ता की शिकायत पर केस दर्ज किया है। शुभि ने बताया कि वह विजयनगर में EK-287 में रहती है। बुधवार सुबह जब उसकी नींद खुली तो कमरे का दरवाजा खुला था। उसका आईफोन कमरे में नहीं था। वहीं उसके मंगेतर हर्ष का लैपटॉप भी गायब था। बाद में दोस्तों को जानकारी दी। पुलिस ने इस मामले में बुधवार शाम केस दर्ज किया है। बाणगंगा पुलिस ने भी नीतू पति मुकेश आर्य निवासी जयहिंद नगर की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### करंट लगने से 13 वर्षीय बालक मौत

**इंदौर**। बाणगंगा क्षेत्र में होली खेलते समय करंट लगने से 13 वर्षीय चिराग चौहान की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, चिराग (13) पिता राजेश चौहान, निवासी फ्रीगंज बाणगंगा को उसका रिश्तेदार बुधवार शाम एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचा था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार वालों ने बताया कि रंगपंचमी के दौरान पानी की मोटर चालू करने के दौरान चिराग को करंट लग गया, जिससे वह मौके पर ही गिर पड़ा। तुरंत उसे पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे एमवाय अस्पताल रैफर किया गया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। चिराग छठी कक्षा का छात्र था और उसका एक छोटा भाई लक्की है। पिता हार्डवेयर की दुकान पर काम करते हैं। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### बायपास स्थित सिल्वर स्प्रिंग फेस 2 में दिखा

**इंदौर**। देवगुराड़िया क्षेत्र की कॉलोनी के बाद अब रालामंडल अभयारण्य से लगी कॉलोनी सिल्वर स्प्रिंग-2 टाउनशिप के पास सिल्वर नेचर में तेंदुआ देखा गया। बुधवार रात को सीसीटीवी फुटेज में तेंदुआ टाउनशिप के खाली प्लॉट में घूमता नजर आया, जिससे वहां के लोग दहशत में आ गए। टाउनशिप कमेटी ने निवासियों को सुबह और शाम की सैर के दौरान अलर्ट रहने की सलाह दी है। रालामंडल के एसडीओ योहन कटारे का कहना है कि गर्मी बढ़ने के कारण जानवर पानी और भोजन की तलाश में जंगल से बाहर निकल आते हैं, जिससे वे कई बार शहरी इलाकों तक पहुंच जाते हैं।वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, सीसीटीवी फुटेज में तेंदुआ दिखाई दिया है, लेकिन यह साफ नहीं है कि वह रालामंडल से आया है या किसी और क्षेत्र से, क्योंकि बायपास के पास तीन से चार पहाड़ियां हैं।

## सांई-राम महोत्सव के आठवें दिन विष्णुपुरी से निकली प्रभातफेरी

### सिख बाहुल्य क्षेत्र में पालकी का स्वागत, कई भक्तों ने किया रक्तदान



**संवाददाता ● इंदौर**

**प्रभातफेरी**

विष्णुपुरी क्षेत्र में चल रहे 26 दिवसीय सांई-राम महोत्सव के आठवें दिन भव्य प्रभातफेरी का आयोजन हुआ। सुबह-सुबह निकली सांई बाबा की पालकी का सिख बाहुल्य क्षेत्र में जोरदार स्वागत किया गया। भक्तों ने सांई बाबा के जयकारों के साथ 'जो बोले सो निहाल-सत श्री अकाल' के नारे भी लगाए। प्रभातफेरी के मार्ग पर प्रत्येक घर को विद्युत सज्जा और दीपों से सजाया गया। मातृशक्तियों ने बाबा की पालकी का पूजन कर देश, प्रदेश और शहर की सुख-शांति की कामना की। कार्यक्रम में श्री केंद्रीय सांई सेवा समिति धार्मिक एवं मानव सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष गौतम पाठक और प्रभातफेरी आयोजक पिंकी भाटिया ने बताया कि भक्तों का उत्साह देखने लायक था। घर-घर से पुष्पवर्षा और आतिशबाजी की गई। युवा और महिलाएं भजनों पर झूमते नजर आए। भजन गायक कपिल कुमावत और वीर मनजीत ने अपनी प्रस्तुतियों से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों सांई भक्तों ने रक्तदान कर 'रक्तदान-महादान' का संदेश दिया। समिति के अध्यक्ष गौतम सुरेंद्र पाठक और विनीता पाठक ने बताया कि अगली प्रभातफेरी 21 मार्च को सुबह 5:30 बजे द्वारकापुरी स्थित प्रजापत नगर से निकाली जाएगी। कार्यक्रम में रवि वर्मा, किशोर दौरकर, आलोक खादीवाला समेत बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए।

## आदिनाथ जन्म कल्याणक पर साउथ तुकोगंज से निकलेगी भव्य प्रभात फेरी

**संवाददाता ● इंदौर**

दिगंबर जैन समाज, सामाजिक संसद के तत्वावधान में प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ जन्म कल्याणक से महावीर जन्म कल्याण तक 20 दिन प्रतिदिन विभिन्न मंदिरों से पूज्य मुनि श्री आदित्य सागर जी महाराज जी के पावन सानिध्य में भव्य प्रभात फेरी निकाली जाएगी। समाज के अध्यक्ष श्री राजकुमार जी पाटोदी, महामंत्री सुशील पांड्या, फेडरेशन के अध्यक्ष राकेश विनायका एवं प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने बताया कि रविवार, 23 मार्च 2025 को इसकी शुरुआत समवशरण जैन मंदिर, साउथ तुकोगंज से प्रातः 6:30 बजे गाजे बाजे के साथ होगी। प्रभात फेरी समवशरण मंदिर से निकलकर एम जी रोड, उदासीन आश्रम होते हुए पुनः समवशरण मंदिर पर आएगी। यहां ध्वजारोहण के पश्चात श्री जी के कलश होंगे। समाज के प्रचार प्रमुख सतीश जैन एवं महावीर जयंती प्रमुख संयोजक प्रिंसपाल टोंग्या ने बताया कि गुरुवार 10 अप्रैल 2025 को दोपहर 2:30 बजे कांच मंदिर, इतवारिया बाजार, इंदौर से महावीर जन्म कल्याण पर भव्य शोभायात्रा निकलेगी। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शोभा यात्रा में स्वर्ण रथ के रजत सिंहासन पर प्रभु महावीर को विराजित किया जाएगा। इसमें शताधिक साधुओं के सम्मिलित होने की संभावना है। यात्रा में श्वेत वस्त्रों में पुरुष जन व केसरिया परिधान में महिलाएं शामिल होंगी। श्रीमती पुष्पा कासलीवाल, श्री एम के जैन, श्री अमित कासलीवाल के साथ ही इंदौर नगर व शिखर सोशल ग्रुप के सभी पदाधिकारीयों ने 20 दिवसीय प्रभात फेरी में सभी समाज जनों से सम्मिलित होने की अपील की है।

### रंगारंग गेर के दौरान मोबाइल और सोने की चेन की हुई कई शिकायतें

## अंतरराज्यीय गिरोह की 14 महिलाओं और पांच पुरुषों को पकड़ा





**संवाददाता ● इंदौर**

**जब्त**

गेर में चोर-जेबकतरे भी शामिल हुए। महिलाओं के मंगलसूत्र-चेन काटने की कोशिश की। क्राइम ब्रांच ने अंतरराज्यीय गिरोह की 14 महिलाओं और पांच पुरुषों को पकड़ा है। आरोपी महिलाएं कटर लेकर आई थीं। एक चेन और कटर जब्त भी किया गया है। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश है, जो भीड़ का फायदा उठाकर फरार हो गए हैं।

रंग पंचमी पर निकलने वाली गेर में पुलिस द्वारा तमाम सीसीटीवी फुटेज और सुरक्षा के तमाम इंतजाम किए गए थे और इसी दौरान गेर में होली खेलने के चलते कई लोगों के मोबाइल और गले में पहनी हुई सोने की चेन, मंगलसूत्र जैसे आभूषण गुम हुए हैं। डीसीपी (अपराध) राजेश त्रिपाठी के मुताबिक आपराधिक घटनाओं को देखते हुए अपराध शाखा की टीम को सादे कपड़ों में तैनात किया गया था। टीम ने राजवाड़ा पुलिस चौकी के समीप कुछ महिलाओं को संदिग्ध अवस्था में देखा। आरोपी महिलाएं रंग लगाने की आड़ में जेवर चुराने की कोशिश कर रही थीं। पुलिसकर्मियों ने 14 महिलाओं और पांच पुरुषों को पकड़ा है।

सभी के विरुद्ध एमजी रोड थाना में केस दर्ज किया गया है। डीसीपी के मुताबिक आरोपी दीपक निवासी हरिनागर पलवन (हरियाणा), पवन पिता पदम, अमरजीत निवासी वल्लभगढ़ (फरीदाबाद), सोनू सिंह निवासी बैगपुर (फरीदाबाद), ओमवीर निवासी तिगोटा (फरीदाबाद) और रेखा (बीकानेर), सीमा (डूंगरपुर), सपना (हरियाणा), कृष्णा (हरियाणा), सुमन, उषा, वीरो, परवाह, आरती, मीना, मंजू, ज्योति, शालू और ज्योति भल्लू को पकड़ा गया है।

आरोपी महिलाओं ने पुलिस को बताया कि सोशल मीडिया पर गेर की खबर देखी थी। इसके बाद चोरी करने के लिए आई थीं। महिलाओं को चिह्नित (टारगेट) कर पुरुषों को घेर लेती थीं। फिर धक्का-मुक्की कर चेन व मंगलसूत्र निकाल लेती थीं। पुलिस ने आरोपी महिलाओं से एक कटर और चेन बरामद की है।

## विंध्यवासिनी मंदिर के स्थापना दिवस पर 56 भोग

**संवाददाता ● इंदौर**

**उत्सव**

देवास नाका, निरंजनपुर रोड स्थित स्कीम 114 में मां विंध्यवासिनी मंदिर के स्थापना दिवस पर मां जगवंतीदेवी पारमार्थिक ट्रस्ट एवं मां विंध्यवासिनी ग्रुप के तत्वावधान में ट्रस्ट के अध्यक्ष पं. शिवनारायण पाठक के सानिध्य में महाप्रसादी के पूर्व छप्पन भोग का आयोजन किया गया। क्षेत्र के 5 हजार से अधिक भक्तों ने महाभोग एवं महाआरती के आयोजन में अपनी सौल्लास भागीदारी दर्ज कराई। मां विंध्यवासिनी देवी के प्रकटोस्तव त के उपलक्ष्य में मंदिर पर आकर्षक पुष्प एवं विद्युत श्रृंगार किया गया। भक्तों ने कतारबद्ध होकर दर्शन किए।



## मां नर्मदा के तट पर मातृशक्ति द्वारा लक्ष्यार्चन आराधना



**संवाददाता ● इंदौर**

मां नर्मदा के तट पर श्री श्रीविद्याधाम के संस्थापक ब्रह्मलीन स्वामी गिरजानंद सरस्वती 'भगवन' की प्रेरणा से ब्रह्मचारी आचार्य प्रशांत अग्निहोत्री के आचार्यत्व में महेश्वर में 125 मातृशक्ति ने ललिता सहस्त्र नामावली द्वारा लक्ष्यार्चन आराधना का दिव्य अनुष्ठान संपन्न किया।

इस मौके पर निशा पसारी, सरस्वती शर्मा एवं वीणा सोमानी सहित आश्रम से जुड़ी महिलाओं ने मां नर्मदा को 101 फीट लंबी सौभाग्य चुनरी समर्पित की। अनुष्ठान में आचार्य पं. आदर्श गुरुजी, आचार्य पं. आनंद शुक्ल, आचार्य पं. अभिषेक जोशी भी मौजूद रहे। आचार्य पं. प्रशांत अग्निहोत्री के शुभ संकल्प अनुरूप हल्दी, गुलाल, मेहंदी, कमल गट्टा, कमल पुष्प, गुलाबजल एवं नाना प्रकार के द्रव्यों से श्रीयंत्र की अर्चना कर मां नर्मदा का पूजन- अभिषेक किया गया। दीपदान, सौभाग्यवती पूजन के साथ भव्य महाआरती की गई। आरती एवं महाभोग के साथ अनुष्ठान का समापन हुआ।

### छठी बार नीलामी के लिए मजबूर आबकारी विभाग

## 34 शराब दुकानों को नहीं मिला खरीददार

**संवाददाता ● इंदौर**

**निर्णय**

शहर की 34 शराब दुकानें आबकारी विभाग के लिए गंभीर समस्या बन गई हैं। पांच बार नीलामी प्रक्रिया आयोजित करने के बावजूद 302 करोड़ रुपये मूल्य की इन दुकानों को खरीदने के लिए कोई भी व्यापारी आगे नहीं आया है। इस स्थिति को देखते हुए आबकारी विभाग ने अब छठी बार इन दुकानों की नीलामी करने का निर्णय लिया है। इस बार विभाग ने दुकानों को 13 की बजाय 18 समूहों में विभाजित कर दिया है, जिससे व्यापारियों को अधिक विकल्प मिल सके। इसके अलावा, नीलामी में कम कीमत पर बोली लगाने का विकल्प भी जोड़ा गया है, ताकि व्यापारियों को आकर्षित किया जा सके।

हर वित्तीय वर्ष की तरह इस बार भी 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक के लिए शराब दुकानों की नीलामी की प्रक्रिया फरवरी में शुरू की गई थी।



**बोली लगाने पर मिल सकती है छूट**

आबकारी विभाग ने दुकानों को 18 समूहों में बांटने के साथ ही उनकी कीमतों में कमी करने का भी निर्णय लिया है। पहली बार विभाग ने तय कीमत से 5 प्रतिशत कम पर भी बोली लगाने की अनुमति दी है। यदि कोई व्यापारी कम राशि की बोली लगाता है, तो इसे शासन की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। मंजूरी मिलने के बाद दुकान को कम कीमत पर भी नीलाम किया जा सकेगा। इस नए फैसले से उम्मीद की जा रही है कि व्यापारी अधिक रुचि दिखाएंगे और विभाग की समस्या का समाधान हो सकेगा।

नई शराब नीति के अनुसार, दुकानों की कीमत में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई, जिससे कई व्यापारियों ने रुचि नहीं दिखाई। शुरुआती प्रक्रिया में 173 दुकानों में से 64 दुकानों को दोबारा संचालित करने के लिए मौजूदा व्यापारियों ने आवेदन नहीं किया। इस पर आबकारी विभाग ने लॉटरी के माध्यम से इन दुकानों की नीलामी करने की कोशिश की, लेकिन इनमें से भी 34 दुकानें नहीं बिक सकीं। इसके बाद विभाग ने मार्च में चार बार नीलामी प्रक्रिया शुरू की, लेकिन एक भी व्यापारी ने भाग नहीं लिया।

छठी बार बदली नीलामी की रणनीति लगातार असफल नीलामी के बाद आबकारी विभाग ने छठी बार नई प्रक्रिया की घोषणा की है। इस बार 34 दुकानों को छोटे समूहों में बांटते हुए 18 समूहों में विभाजित किया गया है। अधिकारियों को उम्मीद है कि इस बदलाव के बाद व्यापारी अधिक रुचि दिखा सकते हैं। नीलामी प्रक्रिया 22 मार्च तक जारी रहेगी और उसी दिन आए हुए आवेदनों को खोलते हुए दुकानों की नीलामी प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा।

### जबलपुर से इंदौर ट्रेन का सफर 2 घंटे होगा कम

# इंदौर-बुदनी परियोजना खातेगांव-कन्नौद को भी जोड़ेगी

**संवाददाता ● इंदौर**

इंदौर- बुदनी रेल परियोजना का मुद्दा लोकसभा में उठा है। 342 किलोमीटर लंबी रेल लाइन परियोजना की वर्तमान स्थिति के बारे में लोकसभा में सांसद दर्शन सिंह चौधरी द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इंदौर (मांगलिया गांव) और बुदनी के बीच (205 किलोमीटर) नई रेल लाइन का कार्य 3261.82 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत किया गया है।

**स्वीकृत**

जबलपुर से इंदौर के बीच नई रेल लाइन गाडरवारा-बुदनी होकर नहीं इटारसी-बुदनी-खातेगांव होकर बन रही है। ये लाइन इंदौर-देवास रेल लाइन में मांगलिया गांव के पास जुड़ेगी। इस रास्ते में भोपाल नहीं पड़ेगा।

इस नई लाइन के बनने के बाद जबलपुर से इंदौर के सफर का समय दो घंटे तक कम हो जाएगा। रेल मंत्री ने बताया कि बुदनी से इंदौर के बीच नई रेल लाइन निर्माण कार्य प्रक्रिया में है। इस परियोजना के गाडरवारा-बुदनी रेलखंड के दोनों अंतिम स्टेशन पूर्व से इटारसी होकर रेलमार्ग से जुड़े हुए हैं।

### आठ साल पुरानी परियोजना

दोनों के मध्य नवीन रेल लाइन से उनकी दूरी में ज्यादा अंतर नहीं आ रहा है। इसलिए गाडरवारा-बुदनी के मध्य नई रेल लाइन बिछाना तर्कसंगत नहीं है। आठ वर्ष पुरानी परियोजना- जबलपुर(गाडरवारा)-इंदौर (मांगलिया गांव) नई रेल लाइन की घोषणा वर्ष 2016-17 के बजट में हुई थी। उसके बाद मामला ठंडे बस्ते में था। वर्ष 2021-22 के बजट में एक हजार रुपये के आवंटन से परियोजना की बंद फाइल फिर खुल गई। उसके बाद के बजट में भी परियोजना को आवंटन जारी हुए। गत दो बजट में आवंटन बढ़ने के बाद परियोजना के इंदौर-बुदनी रेलखंड में रेल लाइन निर्माण प्रक्रिया ने गति पकड़ी।




### 948.37 करोड़ रुपये व्यय

मार्च-2024 तक 948.37 करोड़ रुपये व्यय किए जा चुके हैं। वर्ष 2024-25 के लिए इस परियोजना के लिए 1107.25 करोड़ रुपये का आवंटित किए गए हैं। गाडरवारा और बुदनी के बीच (137 किमी) काम आगे नहीं बढ़ाया जाना तर्क संगत नहीं हैं क्योंकि गाडरवारा से बुदनी दोनों पहले से ही मौजूदा नेटवर्क के माध्यम से वाया इटारसी से जुड़े हुए हैं और दोनों स्थानों के बीच दूरी में कोई महत्वपूर्ण कमी नहीं आती है। इसलिए केवल इंदौर (मांगलिया गांव) और बुदनी के बीच नई रेल लाइन बिछाने का काम जारी है।

### यह है इस प्रोजेक्ट से फायदा

- इंदौर से मुंबई और दक्षिण भारत के यात्रा समय में कमी आएगी।
- भोपाल और इटारसी के व्यस्त मार्ग (घाट सेक्शन : बुदनी से बरखेड़ा ) को बायपास कर बुदनी को इंदौर से सीधे जोड़ना।
- यह रेल लाइन बुदनी के मौजूदा यार्ड से शुरू होकर इंदौर के पास पश्चिम रेलवे के मांगलिया गांव स्टेशन से जुड़ेगी।
- रेल लाइन सीहोर, देवास एवं इंदौर जिलों को जोड़ेगी।
- यह रेललाइन नसरुल्लागंज, खातेगांव और कन्नौद जैसे कस्बों/ गांवों को कनेक्टिविटी प्रदान करेगी, जहां वर्तमान में कोई रेल संपर्क नहीं हैं।
- औद्योगिक विकास, सामाजिक-आर्थिक, रोजगार सृजन और बेहतर परिवहन सुविधाओं के माध्यम से इस क्षेत्र का समग्र विकास होगा।

### इंदौर आने वाली कामाख्या एक्सप्रेस वाराणसी के बजाय प्रयागराज से

रेलवे ने इंदौर और रतलाम मंडल से गुजरने वाली कई ट्रेनों के मार्ग में बदलाव किया है। कुछ ट्रेनों को अस्थायी रूप से निरस्त किया गया है, जबकि कई ट्रेनों का रूट परिवर्तित किया गया है। रेलवे ने इस संबंध में शेड्यूल जारी किया है, जिसमें गुवाहाटी से इंदौर आने वाली कामाख्या एक्सप्रेस समेत अन्य ट्रेनों के संचालन में बदलाव की जानकारी दी गई है।

**कामाख्या एक्सप्रेस** : 23 मार्च से 27 अप्रैल तक यह ट्रेन वाराणसी के बजाय प्रयागराज, रामबाग-प्रयागराज और कानपुर सेंट्रल से होकर गुजरेगी।

**इंदौर से चलने वाली ट्रेनें** : इनमें फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया गया है, क्योंकि कार्य ब्रिज की अपलाइन पर होगा।

**रतलाम मंडल की ट्रेनों पर असर** : इस क्षेत्र की चार ट्रेनों को निरस्त किया गया है, एक ट्रेन रिशेड्यूल की गई है और नौ ट्रेनों के मार्ग बदले गए हैं।

## शॉट न्यूज

### 20 वाहनों से वसूला 52 हजार रुपये का जुर्माना

**इंदौर**। कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर इंदौर जिले में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय द्वारा लोक परिवहन वाहनों बसों, स्कूल वाहनों सहित अन्य वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है तथा मध्यप्रदेश मोटरयान अधिनियमों का पालन नहीं करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में इंदौर-बड़वानी, इंदौर-देवास-शाजापुर रूट की बसों की सघन चेकिंग पिपलियाहाना चौराहा, बायपास पर की गई। जिसमें वाहनों के फ़िटनेश, परमिट, बीमा पीयूसी, कर प्रमाण पत्र भी चेक किये गये। बसों में ओवरलोडिंग, अधिक किराया की भी जांच की गई। वाहन की गति, स्पीड गवर्नर सहित दस्तावेजों की चेकिंग की गई। दस्तावेज नहीं होने, क्षमता से अधिक सवारी पाए जाने, सवारियों से अधिक किराया लेने, परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वाली बसों के साथ ही लोक परिवहन वाहनों में विभिन्न कमियां पाए जाने पर 20 से अधिक वाहनों पर जुर्माना लगाया गया।

### जनता के फीडबैक में इंदौर अभी नंबर वन चल रहा है

**इंदौर**। इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण कुछ देरी से हो रहा है। wहालांकि पूरे शहर में बार-बार स्वच्छता सर्वेक्षण टीम के आने की खबर चल रही है, लेकिन निगम आयुक्त का कहना है कि टीम के जल्द आने की सूचना मिली है हम पूरी तरह से तैयार है और पूरा विश्वास है कि हम हमेशा की तरह नंबर वन रहेंगे। स्वच्छता सर्वेक्षण में सर्वाधिक महत्वपूर्ण आम जनता का फीडबैक रहता है। पिछले दिनों यह खबर आ रही थी कि इस मामले में इंदौर पिछड़ गया है और भोपाल नंबर वन पर चल रहा है। अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने बताया कि पब्लिक फीडबैक के मामले में इंदौर अभी नंबर वन चल रहा है, इंदौर में अभी तक 378000 लोगों ने अपना फीडबैक दिया है।

### केश काउंटर 22 एवं 23 तथा 30 व 31 मार्च को अवकाश में भी खुले रहेंगे

**इंदौर**। वित्तीय वर्ष 2024-25 के बकाया करों के भुगतान की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 नियत होने से करदाताओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए, आगामी शनिवार व रविवार क्रमशः 22 एवं 23 मार्च 2025 अवकाश के दिनों में राजस्व मुख्यालय/रजिस्ट्रार कार्यालय (कलेक्टर कार्यालय परिसर) एवं सभी 1 से 22 जोनों के राजस्व शाखा/केश काउंटर खुले रहेंगे। महापौर पुष्यमित्र भार्गव, आयुक्त शिवम वर्मा एवं राजस्व प्रभारी निरंजनसिंह चौहान ने शहर के करदाताओं से अपील की है कि वह वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पूर्व अवकाश के दिनों में भी संबंधित कार्यालयों में जाकर अपना संपतिकर/ जलकर/ कचरा प्रबंधन शुल्क की राशि का भुगतान कर शहर विकास में सहयोग करें। साथ ही स्वयं आवासीय उपयोग प्रयोजनार्थ के ऐसे संपति स्वामी जिन्होंने अभी तक वित्तीय वर्ष 2024-25 की देय कर राशि का भुगतान निगम कोष में जमा नहीं किया है।

## वॉटर एटीएम के नाम पर निगम अधिकारी कर रहे है लोकधन का दुरूपयोग : कांग्रेस

**संवाददाता ● इंदौर**

शहर कांग्रेस प्रवक्ता संजय बाकलीवाल ने आरोप के साथ बताया कि नगर निगम के अधिकारी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश को भी दरकिनार कर रहे हैं और लोक धन को गलत तरीके से खर्च कर रहे हैं। बाकलीवाल ने आरोप लगाया कि कमीशन खाने के लिए निगम अधिकारी यह काम कर रहे हैं। लोक धन को वाटर एटीएम लगवाकर बर्बाद करने की जुगत की जा रही है। एक तरफ मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक संगठनों के माध्यम से प्रदेश के साथ इंदौर में भी प्याऊ लगाए जाए और दूसरी तरफ नगर निगम के अधिकारी सरकारी पैसा याने लोक धन जो जनता के कर के रूप में आया है उन पैसों से वाटर एटीएम लगवा रहे हैं। अगर जनता के सहयोग से प्याऊ लगता है तो उसमें निगम का पैसा नहीं लगेगा और निगम का पैसा नहीं लगेगा तो अधिकारियों को कमीशन भी नहीं मिलेगा इसलिए निगम अधिकारी मुख्यमंत्री के आदेश के बाद भी शहर में वाटर एटीएम लगवा रहे हैं और अधिकारियों के कारण ही उसे एमआईसी की बैठक में पास किया गया है। जनता जो प्याऊ लगाती है उसमें नगर निगम को पानी की आपूर्ति करना होती है और इसी से पीने के पानी की आपूर्ति उस प्याऊ में होती है। हालांकि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट सामने आने के बाद स्मार्ट सिटी और नगर निगम के अधिकारियों द्वारा शहर में सामाजिक संस्थाओं द्वारा लगाई जाने वाली प्याऊ को बंद करवा दिया गया। इन प्याऊ के स्थान पर करोड़ों रुपए के वाटर प्यूरीफायर प्याऊ लगवाए गए जो एक वर्ष भी नहीं चल सके और कबाड़ में तब्दील हो गए।



### करोड़ों रुपये के वाटर प्यूरीफायर प्याऊ कबाड़ में


यहां तक शहर में वाटर एटीएम लगाए जाने का प्रोजेक्ट है यह वही अधिकारी लेकर सामने यार हैं, जिन्होंने करोड़ों पर के वॉटर प्यूरीफायर प्याऊ को कबाड़ बनवा दिया। सिर्फ इतना ही नहीं अधिकारी 15 वर्षो से भी अधिक से इंदौर शहर में ही डटे हुए है। आज तक कोई अधिकारी उन्हें यहां से ट्रांसफर नहीं करवा सके है। कांग्रेस प्रवक्ता संजय बाकलीवाल ने बताया कि स्मार्ट सिटी ने 8 करोड़ से अधिक के वाटर प्यूरीफायर प्याऊ की जिम्मेदारी नर्मदा प्रोजेक्ट के अधिकारियों को दी थी, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के चलते करोड़ों रुपये के वाटर प्यूरीफायर प्याऊ कबाड़ में तब्दील हो गए। ऐसे में यह प्रश्न सामने आता है कि लोकधन खर्च कर लगाए गए करोड़ों रुपए के वाटर प्यूरीफायर प्याऊ कबाड़ में प्यूरीफायर प्याऊ का क्या हुआ जो अब नए सिरे से वाटर एटीएम लगाए जा रहे हैं।

## कांग्रेस से बीजेपी में गए अक्षय, उनके पिता कांति बम पर हत्या प्रयास में आरोप तय, ट्रायल होगा

**संवाददाता ● इंदौर**

अक्षय बम और उनके पिता कांतिलाल बम के खिलाफ 17 साल पुराने केस में हत्या के प्रयास की धारा में केस दर्ज करने के आदेश जिला कोर्ट ने दिए थे। अब इसमें सभी रिपोर्ट कोर्ट में आने के बाद इस मामले में हत्या के प्रयास के साथ अन्य गंभीर धाराओं में आरोप तय (चार्ज फ्रेम) हो गए हैं और अब इसमें ट्रायल शुरू होगा। कांग्रेस से लोकसभा चुनाव 2024 का टिकट पाए और नामांकन वापसी के दौरान अचानक नाम वापस लेकर बीजेपी में गए अक्षय बम की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बीजेपी में आने का भी अभी उन्हें सत्ता से फायदा होते नहीं दिख रहा है। अक्षय बम, पिता कांति बम और मनोज पिता कैलाश गुर्जर पर 307 (हत्या के प्रयास) धारा के साथ ही आईपीसी धारा 447, 148, 323, 506 जैसी धाराओं में चार्ज फ्रेम हुए हैं। बाईसवें अपर सत्र न्यायधीश विनोद कुमार शर्मा की कोर्ट में यह आदेश हुए हैं। इन धाराओं से बचने के लिए आरोपियों द्वारा कई तर्क दिए गए, लेकिन सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने आरोप तय कर दिए। 18 साल पुराना है केस : यह केस चार अक्टूबर 2007 का यानी करीब 18 साल पुराना है। फरियादी यूनुस पटेल की कनाडिया बायपास की जमीन पर घटना हुई थी। इस जमीन के लिए कांति बम ने सौदा किया था, इसके लिए आंशिक राशि देकर 50 लाख देना को बोला। बाद में राशि नहीं दी। घटना वाले दिन 4 अक्टूबर 2007 को सुबह जब वह फसल की कटाई कर रहे थे, तभी कांतिलाल बम और पुत्र अक्षय बम अन्य सात-आठ लोगों को लेकर आए और कहा कि यह जमीन उनकी है। सोयाबीन फसल क्यों काट रहे हो। फिर उन्होंने लकड़ियों से नौकरों को पीटना शुरू कर दिया।

## नाले से नदी नहीं बन पाई कान्ह, अब 75 करोड़ और बहाएंगे



**संवाददाता ● इंदौर**

पिछले एक दशक से कान्ह-सरस्वती नदी को पुनर्जीवित करने और उसमें स्वच्छ जल प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए कई प्रोजेक्ट्स पर काम किया गया है। इन परियोजनाओं पर अब तक लगभग सैकड़ों करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। इसके बावजूद अभी तक इस नदी को नाले से नदी में परिवर्तित करने में सफलता नहीं मिल पाई है। 200 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से एसटीपी प्लांट भी लगाए गए, ताकि उद्योगों और अन्य दूषित जल को सीधे कान्ह-सरस्वती नदी में मिलने से रोका जा सके। इसके अलावा अब रीवर फ्रंट कॉरिडोर पर करोड़ों रुपए खर्च किए जाने की योजना है। इसके लिए प्राधिकरण ने फिजिबिलिटी सर्वे भी करवाया, जिसमें 1.9 किलोमीटर के हिस्से पर ही 75 करोड़ रुपए से अधिक का खर्च अनुमानित किया गया है।

**नदी की सफाई और सौंदर्यकरण के प्रयास** – बीते कई वर्षों से मानसून से पहले हजारों ट्रक गाद निकालने का काम किया जाता रहा है। इसके अलावा नाला टेपिंग से लेकर सौंदर्यीकरण तक कई कार्य किए गए हैं। इंदौर के नागरिकों ने भी कान्ह-सरस्वती शुद्धिकरण अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया और इस दिशा में कई जनसेवा कार्य भी किए गए। इसके बावजूद इन नदियों को पुनर्जीवित करने में अब तक सफलता हासिल नहीं हो पाई है। इस बीच नदी-नगर श्रृंखला के तहत विशेषज्ञों ने इंदौर रीवर फ्रंट डेवलपमेंट प्रोजेक्ट पर एक रिपोर्ट जारी की थी, जिसमें कृत्रिम सौंदर्यीकरण को लेकर आपत्ति जताई गई और इस प्रोजेक्ट को व्यर्थ बताया गया। इसके अलावा सिंहस्थ के आयोजन के मद्देनजर प्रशासन द्वारा 1600 करोड़ रुपए से अधिक की राशि विभिन्न प्रोजेक्ट्स पर खर्च की जा रही है। इसमें 600 करोड़ रुपए का डक्ट प्रोजेक्ट भी शामिल है।

### फिजिबिलिटी सर्वे और लागत का आकलन

प्रशासन ने हाल ही में रीवर फ्रंट डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के एक हिस्से की जिम्मेदारी इंदौर विकास प्राधिकरण को सौंपी थी। इस परियोजना के तहत शहर की एक निजी कंसल्टेंट फर्म मेहता एसोसिएट द्वारा फिजिबिलिटी सर्वे करवाया गया। इस सर्वे में केवल 1.9 किलोमीटर के हिस्से पर ही 75 करोड़ रुपए से अधिक की लागत का अनुमान लगाया गया है। इस राशि का प्रावधान प्राधिकरण के बजट में भी किया जाएगा। प्राधिकरण का कहना है कि इस राशि को 'नमामि गंगे प्रोजेक्ट' के तहत मांगा जाएगा, जिसमें कान्ह-सरस्वती नदी के लिए भी आवश्यक राशि प्राप्त की जाएगी।

### विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम आज

## इंदौर के तीन विद्यार्थियों सहित एक संस्था को राज्य स्तरीय पुरस्कार से किया जाएगा पुरस्कृत

**संवाददाता ● इंदौर**

विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में इंदौर के तीन विद्यार्थियों सहित एक संस्था को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त होगा।

**कार्यक्रम**

यह कार्यक्रम शुक्रवार को सुबह 11 बजे से कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भोपाल में आयोजित किया गया है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम होगा। उल्लेखनीय है कि होली के कारण 15 मार्च को यह कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जा सका था। उपभोक्ता संरक्षण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में उपभोक्ता जागरूकता और संरक्षण की दिशा में कार्य करने वाली इंदौर की संस्था जागरूक उपभोक्ता समिति आदर्श नगर को प्रथम पुरस्कार प्राप्त होगा। इस संस्था को एक लाख 11 हजार रुपये और प्रशस्ति पत्र मिलेगा। इसी तरह राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में इंदौर के दो विद्यार्थियों पवन ताकतोड़े तथा हीरल दसौंधी को क्रमशः द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्राप्त होगा।

### उपभोक्ता-जागरूकता प्रदर्शनी भी लगेगी

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा उपभोक्ता-जागरुकता प्रदर्शनी लगाई जाएगी। उपभोक्ता जागरुकता दिवस एवं नुक्कड़ नाटक भी आयोजित किए जाएंगे। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनी के स्टॉल को पुरस्कृत किया जाएगा। उपभोक्ताओं को जानकारी प्रदान करने के लिए नाप-तौल विभाग, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग (प्रदर्शनी एवं मोबाइल लैब से लाइव टेस्टिंग) भारतीय मानक ब्यूरो, (मानकीकरण एवं बच्चों के लिए स्पाट क्विज) भारतीय खाद्य निगम, मप्र स्टेट सिविल सप्लाइज कार्पोरेशन, मप्र स्टेट वेयरहाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन, इंडियन ऑयल कार्पोरेशन (ई-केवासी का डिस्प्ले), प्रमुख स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठनों द्वारा प्रदर्शनी लगायी जाएगी।

## सड़क हादसों से दहला शहर, इंजीनियर समेत कई लोगों की मौत

**संवाददाता ● इंदौर**

धार रोड पर बुधवार शाम हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल भेजा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांधी नगर पुलिस के अनुसार, दुर्घटना दिलीप नगर के पास हुई, जहां बाइक सवार रितेश सेन पिता तेजराम सेन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके पीछे बैठा संदीप गंभीर रूप से घायल हो गया।

दोनों युवक मूल रूप से सदलपुर के रहने वाले थे। वे इंदौर में और ससुराल में मिलने आए थे। शाम को घर लौटते समय यह हादसा हो गया। परिवार के मुताबिक, रितेश और संदीप सदलपुर में सैलून की दुकान चलाते थे। रितेश की पांच माह पहले ही शादी हुई थी। हादसे के बाद परिवार में शोक का माहौल है। पुलिस इस मामले में दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ कर रही है।

कनाड़िया क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में निपानिया निवासी 30 वर्षीय सेकी पिता कुंवरसिंह की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका साथी राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया। सेकी एक साफ्टवेयर कंपनी में इंजीनियर था और अपने दोस्त राहुल के साथ बाइक पर सवार होकर कनाड़िया ब्रिज से गुजर रहा था, जब किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि सेकी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि राहुल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है और परिजन को घटना की सूचना दे दी गई है।

### जिले में बोरिंग करने पर कलेक्टर ने लगाई रोक

## बोरिंग मशीन होगी जब्त और जेल भी जाना पड़ेगा

**संवाददाता ● इंदौर**

जिले में भूजल स्तर में लगातार गिरावट को देखते हुए प्रशासन ने बोरिंग करने पर सख्त प्रतिबंध लगा दिया है। कलेक्टर आशीष सिंह ने मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम

**जब्त**

1986 और संशोधन अधिनियम 2002 के तहत यह आदेश जारी किया है। यह प्रतिबंध 20 मार्च से 15 जून 2025 तक प्रभावी रहेगा। आदेश के अनुसार, शहर और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में निजी बोरिंग करने पर रोक रहेगी। इस दौरान अगर कहीं पर बोरिंग होता पाया जाता है तो प्रशासन द्वारा कार्रवाई करते हुए उसकी बोरिंग मशीन जब्त कर ली जाएगी। साथ ही एफआईआर करवाई जाएगी, जिसमें जुर्माने के साथ ही दो साल की जेल भी होगी।




**नियम का पालन नहीं किया तो होगी जेल**– प्रशासन ने चेतावनी दी है कि इस आदेश का उल्लंघन करने पर अधिनियम की धारा 3 और धारा 4 के तहत जुर्माना या दो वर्ष तक का कारावास अथवा दोनों का प्रावधान है। केवल पंजीकृत एजेंसियों को ही नए बोरिंग करने के लिए कड़ी शर्तों के तहत अनुमति दी जाएगी। इस आदेश का उद्देश्य गर्मी के दौरान संभावित जल संकट को रोकना है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि जल संसाधनों की रक्षा के लिए अवैध बोरिंग करने और भूजल दोहन को रोकना अनिवार्य है। इसके लिए संबंधित पुलिस और नगर निगम अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे प्रतिबंधित स्थानों पर मशीनों की आवाजाही को रोकें। इसके अलावा, गांवों और शहरों में नलकूप खनन को लेकर सख्त निगरानी की जाएगी।

### सरकारी योजना में मिलेगी रियायत

आदेश में कहा गया है कि सरकारी योजनाओं के तहत किए जाने वाले नलकूप खनन को इस प्रतिबंध से छूट दी गई है। इसके लिए प्रशासन की पूर्व स्वीकृति आवश्यक नहीं होगी। वहीं, सार्वजनिक पेयजल व्यवस्था के लिए भी छूट दी गई है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे जल संरक्षण में सहयोग करें और अनावश्यक रुप से भूजल का दोहन न करें। इस आदेश का उल्लंघन करने पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# डाइट आपकी नींद को बेहतर बना सकती है या बिगाड़ सकती है!

1960 के दशक की बात रही होगी, तब नागपुर की धंतोली में हमारे फैमिली डॉक्टर हरिदास (अब दिवंगत) ने मेरी मां से पूछा कि वह पिछले एक महीने से ऐसा क्या खा रही हैं कि उन्हें ठीक से नींद नहीं आ रही है और पूरी रात वह इधर से उधर उलटती-पलटती रहती हैं। इसके बाद मां ने खानपान की सूची सौंपी। इसे देखकर डॉक्टर ने कहा कि इस खाने में कोई बुराई नहीं है, लेकिन कोई चिंता आपको रातों में जगाकर रखती है। हालांकि सब्जियों के चुनाव में उन्होंने कुछ बदलाव करवाए और वादा किया कि अगले दो हफ्तों में नींद बेहतर हो जाएगी। और ठीक वैसा ही हुआ, जैसा उन्होंने कहा था। तब मुझे पहली बार पता चला था कि खानपान से भी नींद बेहतर होती है।

मेरी मां अपने और पूरे परिवार के खानपान की सूची इसलिए बना सकती थीं क्योंकि उनकी डायरी लिखने की आदत थी, जिसमें वह रोज लिखा करतीं कि आज उन्होंने क्या किया और क्या खाया।आज इस क्षेत्र में बढ़ता शोध, खासकर स्लीप व सर्केडियन रिसर्च के लिए उत्कृष्टता केंद्र ने अपने निष्कर्षों में पाया है कि कुछ खाद्य पदार्थ अच्छे गुणवत्ता की नींद के लिए जरूरी हॉमोनों का अधिकतम उत्पादन करने में मदद कर सकते हैं, जबकि कुछ खाद्य पदार्थ इसके विपरीत ब्लड शुगर लेवल बिगाड़कर नींद में खलल डाल सकते हैं। नींद और भोजन के बीच संबंध की जांच करने के लिए उन्होंने वर्षों तक कई अध्ययन किए। इसमें उन्होंने पाया कि नींद के अधिक अनुकूल खानपान वह है, जो ट्रिप्टोफैन से भरपूर है, जो कि हरी पत्तेदार सब्जियों, ब्रोकोली, ब्राउन राइस, वाइट बीन, चिया और मटर में प्रचुर मात्रा में होते हैं।

जबकि कुछ यह तर्क कर सकते हैं कि मीट में भी ट्रिप्टोफैन की उच्च मात्रा होती है, जबकि तथ्य यह है कि शरीर को इसे सेरोटोनिन में बदलने में कठिनाई होती है।ट्रिप्टोफैन क्या है और सेरोटोनिन से क्या संबंध है? ट्रिप्टोफैन अमीनो एसिड है जो कि प्रोटीन वाले खाद्य पदार्थों में होता है। दरअसल अमीनो एसिड से ही प्रोटीन बनता है, लेकिन इसकी शरीर में और भी भूमिका है। इसका एक अन्य काम अणु पैदा करना है, जो शरीर को सिग्नल भेजने में मदद करता है। ट्रिप्टोफैन, खासकर अणु में परिवर्तित कर सकते हैं, जिसे 5-एचटीपी कहा जाता है। इसका इस्तेमाल सेरोटोनिन व मेलाटोनिन बनाने में होता है।

> **दिलचस्प बात थी कि विमान से निकलते हुए नरहरि ने उन्हीं बिजनेसमैन से ऐसे बात की, मानो कुछ हुआ ही न हो। इस रविवार को मुझे ये घटनाक्रम तब याद आ गया, जब एक घटना सुनी। अहमदाबाद में रहने वाली 25 वर्षीय एक महिला ने एक व्यक्ति के खिलाफ यह कहते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि उसने तथाकथित रूप से उसकी हाइट का मजाक उड़ाया और इसके बाद हुई बहस में उसने उसके सिर पर मारा।**

इसलिए सेरोटोनिन स्तर को बढ़ाने के लिए, आपको ट्रिप्टोफैन की जरूरत है।बढ़े सेरोटोनिन के क्या लाभ हो सकते हैं? ह्यहैप्पी हॉर्मोन/मॉलिक्यूलह्ल के रूप में जाने जाना वाला सेरोटोनिन मूड नियंत्रित करने और वैलबीइंग व सकारात्मकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सेरोटोनिन का इसलिए भी महत्व है क्योंकि ये मस्तिष्क व आंतों सहित कई अंगों को प्रभावित करता है। अन्य शारीरिक प्रक्रियाएं भी सेरोटोनिन से लाभान्वित होती हैं, जैसे सामाजिक व्यवहार, अच्छा स्लीप शेड्यूल, सीखना और स्मृति।सेरोटोनिन की कमी से क्या होता है? इससे गुस्सा, पाचन विकार (कब्ज भी), दर्द के प्रति संवेदनशीलता, अलगाव की चिंता या निर्भरता, व स्लीप शेड्यूल में व्यवधान हो सकता है। आत्म-सम्मान से जुड़ी समस्याएं और खाने की आदतों में बदलाव, जिसमें बिंज ईटिंग के दौरे और कार्बोहाइड्रेट्स की बढ़ती इच्छा शामिल हैं। सेरोटोनिन की कमी पुरुषों और महिलाओं में अलग-अलग तरीके से सामने आती है। जिन महिलाओं में सेरोटोनिन कम होता है, उनमें अक्सर तनाव और चिंता की सामान्य प्रवृत्ति दिखेगी। जबकि पुरुषों में आवेग नियंत्रण विकारों की प्रवृत्ति अधिक होती है, जिससे वे शराब पीने और संभावित रूप से अन्य व्यसन संबंधी बीमारियों के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाते हैं।आपको ये कहां मिलेगा?

ट्रिप्टोफैन ओट्स, ब्राउन राइस, सनफ्लॉवर सीड्स, सोयाबीन, कद्दू के बीज, मशरूम व फ्लैक्स में होता है। सेरोटोनिन अधिकतर अदरक, अखरोट, कई फलों, वाइल्ड राइस, प्लम और कोको में होता है। मेलाटोनिन दूध, सेब, संतरे, बेरी, केले, आम, गोभी, खीरा, मूली, टमाटर, लहसुन और प्याज में होता है।

## संत वचन

फिर आज हमारे सुसमाचार के अंश में, हमने सुसमाचार के संत लूका के सुसमाचार से वर्णन की निरंतरता सुनी, जहाँ प्रभु ने फरीसियों और व्यवस्था के शिक्षकों को उनके कार्यों और ईश्वर और उनके उद्धारकर्ता में उनके विश्वास की कमी के लिए फटकारना और आलोचना करना जारी रखा। इन सभी में संदर्भ को इस तरह से समझा जाना चाहिए कि प्रभु को उन सभी फरीसियों और व्यवस्था के शिक्षकों से लगातार विरोध और अस्वीकृति, जिद्दी रवैये और बाधाओं का सामना करना पड़ा था, जो अक्सर उनकी शिक्षाओं पर संदेह करते थे, उनके सिखाने और चमत्कार करने के अधिकार पर सवाल उठाते थे, और जो प्रभु ने उन्हें प्रकट किया था और सिखाने का प्रयास किया था, उसका विरोध करने के लिए परमेश्वर के कानून की अपनी सख्त और कठोर व्याख्या और समझ का उपयोग करते थे। इस प्रकार, प्रभु को अक्सर इन सभी के कारण अपने मंत्रालय के दौरान बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

# पड़ोस में हो रही घटनाओं से हम नजरें नहीं फेर सकते हैं

हाल ही में बांग्लादेश के छात्र नेताओं ने एक नए बांग्लादेश के निर्माण के वादे के साथ जतोयो नागोरिक पार्टी (राष्ट्रीय नागरिक पार्टी) नामक एक दल का गठन किया है। एक ओर शेख मुजीबुर्रहमान द्वारा स्थापित राष्ट्र की जगह सेकंड-रिपब्लिक की स्थापना की बात जोरों पर है, वहीं दूसरी ओर हमने देखा है कि प्रतिबंधित इस्लामी संगठन हिज्ब-उत-तहरीर फिर से उभर आया है, जिसने 7 मार्च को ढाका में एक विशाल प्रदर्शन का आयोजन किया। नई पार्टी के आधिकारिक शुभारंभ पर इसके नेताओं ने नए संविधान का मसौदा तैयार करने के लिए संविधान सभा के चुनाव का भी आह्वान किया, लेकिन अभी तक मुख्यधारा की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और अवामी लीग ने इस प्रस्ताव में बहुत कम रुचि दिखाई है। इस दौरान बांग्लादेश में अराजकता का दौर जारी है। अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस के हाथों में स्थिति को नियंत्रित करने की बहुत कम क्षमता है। मुल्क अभी भी भीड़ की हिंसा की उन घटनाओं से उबर रहा है, जो पिछले अगस्त में शेख हसीना को सत्ता से हटाने वाले आंदोलन के बाद शुरू हुई थी।

**एडिट.नोट**

स्थिति यह है कि पिछले महीने के अंत में सेना प्रमुख जनरल वकार-उज-जमां को एक बयान जारी कर चेतावनी देनी पड़ी कि अंतरिम सरकार कानून और व्यवस्था को कमजोर करना बंद करे। वे समय से पहले चुनाव कराने का समर्थन कर रहे हैं, जो अंतरिम सरकार का समर्थन करने वालों के हितों के खिलाफ है। अवामी लीग तो धराशायी हो चुकी है, जबकि बीएनपी शीघ्र चुनाव चाहती है। दूसरी ओर, जमात-ए-इस्लामी और हिफाजत-ए-इस्लाम जैसे इस्लामी तत्व चाहते हैं कि स्थानीय स्तर के चुनावों के बाद मुख्य चुनाव हों। हसीना के नेतृत्व में बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही थी और वह जीडीपी वृद्धि और अन्य आर्थिक संकेतकों में भारत के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहा था। लेकिन उनके पलायन के बाद से विकास में तेजी से गिरावट आई है और देश मंदी की ओर बढ़ रहा है। विश्व बैंक और आईएमएफ का कहना है कि हसीना के सत्ता से हटने के बाद से बांग्लादेश की विकास-दर आधी हो गई है और उसका कपड़ा उद्योग- जो उसके विकास का आधार था- बेरोजगारी से बुरी तरह प्रभावित हुआ है। लेकिन अंतरिम सरकार मौजूदा स्थिति के लिए हसीना सरकार को दोषी ठहराती है।

पाकिस्तान और बांग्लादेश की बढ़ती नजदीकियां भी भारत के लिए चिंता का विषय है। पहला, पाकिस्तान भारत के उत्तर-पूर्वी भाग में अलगाववाद को बढ़ावा देने के लिए बांग्लादेश का उपयोग करता है। दूसरा, वह आतंकवादियों की घुसपैठ के लिए भी बांग्लादेश का उपयोग करता है। उच्च स्तरीय पाक-बांग्लादेश सैन्य आदान-प्रदान में बंगाल की खाड़ी में संयुक्त नौसैनिक अभ्यास तथा बांग्लादेश को बैलिस्टिक मिसाइलों की पाकिस्तान द्वारा आपूर्ति भी शामिल हो सकती है। ढाका नई दिल्ली पर अपनी निर्भरता कम करना चाहता है, जबकि इस्लामाबाद इस क्षेत्र में भारत को काउंटर-बैलेंस करना चाहता है। भारत के लिए आर्थिक चिंताएं भी हैं। बांग्लादेश के भारत से अच्छे व्यापारिक संबंध रहे हैं और दोनों देशों के बीच लगभग 15 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार है, जो पाकिस्तान के साथ व्यापार से कहीं अधिक है। लेकिन अब बांग्लादेश की भारत पर आर्थिक निर्भरता कम हो सकती है। भारत और बांग्लादेश के खराब संबंधों का नई दिल्ली की क्षेत्रीय नीति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। वर्तमान में बांग्लादेश बिम्सटेक नामक एक क्षेत्रीय संगठन का प्रमुख सदस्य है, जिसे भारत ने पाकिस्तानी प्रभाव को दूर रखने के लिए सार्क के स्थान पर प्रोत्साहित किया है। नई दिल्ली-ढाका संबंधों में गिरावट से वहां भारत की स्थिति कमजोर हो सकती है।

**नंदितेश निलय - लेखक**

# आखिर आज हम सब इतनी जल्दी में क्यों रहने लगे हैं

हम ऐसे समय से गुजर रहे हैं, जहां गति एक बहुत ही महत्वपूर्ण मूल्य बन चुकी है। कम समय में लंबी दूरी तय करना इस दौर की मांग है। इसने समाज की हर संस्थाओं को प्रभावित किया है। पैट्रिक डिक्सन अपनी किताब फ्यूचरवाइज में लिखते भी हैं कि ह्यइससे पहले भविष्य कभी इतनी तेजी से अतीत नहीं बना था। स्पीड का मूल्य बिजनेस की दुनिया में है। क्वार्टर रिजल्ट्स के टारगेट्स हमेशा बढ़ते जाते हैं और उसे पूरा करने के लिए समय-सीमा कम कर दी जाती है। तमाम संस्थाएं स्पीड को चेहरा बनाकर उपभोक्ताओं को लुभाने में लगी हुई हैं। डोमिनोज ने अपने ग्राहकों से वादा किया कि मात्र तीस मिनट में वो पिज्जा की डिलीवरी करा देंगे और वो भी गर्म पिज्जा की।

यानी गति और गुणवत्ता, बिल्कुल साथ-साथ। हाल ही में जेप्टो ने सिर्फ दस मिनट में कोई भी ग्रॉसरी आइटम, सब्जी-दूध आदि को ग्राहकों तक पहुंचाने को अपना ह्ययूएसपीह्ल बना दिया। ओला, उबर, रैपिडो ने पांच से दस मिनट में ग्राहकों के लिए टैक्सी की सेवा रखी है। क्रिकेट के खेल को भी हाल के वर्षों में देखें तो 20 ओवर में भी 200 से भी ज्यादा रन बनाए जा रहे हैं। मानो रन बनने नहीं, बरसने चाहिए। तो क्या हम जाने-अनजाने हम एक ऐसे दौर में आ चुके हैं, जहां किसी भी क्षेत्र में व्यक्ति की कार्यकुशलता उसकी गति से तय होगी? लेकिन जिस तरह से हमारे अंदर एक अधीरता बढ़ती जा रही है, कहीं वह उसी गति से उपजा व्यवहार तो नहीं! अगर किसी कारणवश कोई हवाई जहाज लेट हो जाए, तो क्या हम बेचैन नहीं हो जाएंगे। विमान की लैंडिंग के होते ही यात्री लगेज निकालने के लिए एकदम अफरातफरी मचा देते हैं। सबको पहुंचना है जल्दी और सभी को सबकुछ भी जल्दी ही चाहिए। यह अधीरता शेयर मार्केट में बखूबी देखी जा सकती है। पैसा इन्वेस्ट करने और लाभ कमाने की बेचैनी और अभी जिस तरह से बाजार औंधे मुंह गिरा है तो लोग उसी गति से पैसे निकाल भी रहे हैं।

आखिर हम सबकुछ शीघ्र ही क्यों चाहते हैं? कार्यक्षेत्र में भी रिजल्ट और सिर्फ रिजल्ट और वो भी कम समय में पाने का भाव क्या हमारे अंदर अनावश्यक दवाब नहीं बढ़ा रहा? नौकरशाही भी इस अधीरता का सामना कर रही है। जनता सोशल मीडिया का लेंस लिए हर विषय पर जवाब चाहती है और वह भी तुरंत।

रील्स की दुनिया कम समय में सबकुछ देखने और सुनने के मनोविज्ञान से ही उपजी है। ऐसे में गति के भरोसे ही कार्य करने से कई बार गुणवत्ता भी प्रभावित हो सकती है और सामाजिक व्यवहार में एक अजीब तरह की बेचैनी महसूस की जा सकती है। घर हो या अन्य संस्थाएं, गति के साथ उद्विग्नता भी हम सब को घेर रही है।

बुलेट ट्रेन की विश्वनीयता सिर्फ गति से ही तय नहीं होगी बल्कि उस सेफ्टी से भी तय होगी जिससे पैसेंजर्स की सुरक्षा जुड़ी होगी। हवाई जहाज की सफलता के पीछे वो सेफ्टी के मानक ही हैं जो गति की गुणवत्ता को संभालते हैं। ई-कॉमर्स की दुनिया में जो डिलीवरी-बॉय आता है, उसकी सुरक्षा कौन तय करेगा? अधीर होता ग्राहक उसे फोन पर फोन करता जाता है और उसके लेट होने के कुछेक मिनटों को संवेदना से स्वीकार नहीं कर पाता। नौकरी और कस्टमर सर्विस के दौरान स्पीड के ह्यविशियस सर्किलह्ल में फंसा वह व्यक्ति सुरक्षा को दरकिनार कर अपनी स्पीड को और बढ़ाता जाता है।

हां, यह स्पीड ही है जिसने मानव सभ्यता को विकास की दूरी कम समय में तय करना सिखाया। लेकिन उसके चलते बढ़ती अधीरता को ओढ़े जो सामाजिक व्यवहार बनता जा रहा है, उसे भी समझना जरूरी है। कम समय में लंबी दूरी तय करने का कौशल आज का सत्य हो सकता है, लेकिन उस सामाजिक व्यवहार का क्या, जहां हर कोई दूसरे को धक्का देकर आगे निकलना चाहता है? बहुत जल्दी धनी होना चाहता है, ट्रेड मील या हाइवे पर महत्वाकांक्षी गति से भागना चाहता है? डिजिटल स्पीड से पैसे देता ग्राहक अपने सामान को भी उसी गति से चाहता है। आज नागरिक व्यवहार में गति से बढ़ती उद्विग्नता को भी कुछ धीमा करने की भी जरूरत है, तभी विकास की गति संतुलित हो सकेगी।

## बिजनेस. न्यूज

**8 साल या 1 लाख 20 हजार किलोमीटर की बैटरी वारंटी के साथ शानदार ऑफर**

# MG कॉमेट EV 2025 को बेहतर सुविधा और आराम के साथ किया गया पेश

**रियर पार्किंग कैमरा, पावर-फोल्डिंग ORVMs, प्रीमियम लेदरेट सीटें और 4-स्पीकर ऑडियो सिस्टम**

एजेंसी ● गुरुग्राम

भारत की स्ट्रीट-स्मार्ट कार को और भी स्टाइलिश और आकर्षक बनाते हुए, खरह MG मोटर इंडिया ने कॉमेट एश 2025 पेश किया है। MG कॉमेट एश 2025 को रु. 4.99 लाख (बैटरी-एज-ए-सर्विस के साथ रु. 2.5/किमी) की आकर्षक शुरूआती कीमत के साथ पेश किया गया है। बेहतर सुविधाओं और एडवांस टेक्नोलॉजी फीचर्स के साथ इस कार में भविष्य की डिजाइन देखने को मिलती है। वे ग्राहक जो तकनीक से भरपूर और शहरी आवागमन के लिए एक प्रैक्टिकल कार चाहते हैं, वे अपनी नजदीकी MG डीलरशिप पर जाकर नई MG कॉमेट 2025 और हाल ही में लॉन्च किए गए कॉमेट ब्लैकस्टॉर्म एडिशन को रु11,000 में बुक कर सकते हैं।



MG कॉमेट EV 2025 को पांच अलग-अलग वैरिएंट में पेश किया गया है, इन वैरिएंट में -एग्जीक्यूटिव, एक्साइट, एक्साइट फास्ट चार्ज, एक्सक्लूसिव और एक्सक्लूसिव फास्ट चार्ज-शामिल हैं. इन सभी को एक बेहद खास ड्राइविंग अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। एक्साइट और एक्साइट FC वैरिएंट अब रियर पार्किंग कैमरा और पावर-फोल्डिंग आउटसाइड रियर व्यू मिरर (ORVMs) से लैस हैं, ये फीचर्स वाहन चालकों के लिए ड्राइविंग को और भी सुविधाजनक और सुरक्षित बनाने हैं। एक्सक्लूसिव और एक्सक्लूसिव FC वैरिएंट को प्रीमियम लेदरेट सीट और 4-स्पीकर ऑडियो सिस्टम के साथ अपग्रेड किया गया है, यह बदलाव इन-केबिन अनुभव को और भी प्रीमियम बनाता है। फास्ट चार्जिंग वैरिएंट 17.4 'हँ बैटरी पैक के साथ आते हैं, ये एक बार चार्ज करने पर 230 किमी तक की ड्राइविंग रेंज प्रदान करते हैं।

खरह MG मोटर इंडिया के सेल्स हेड राकेश सेन ने कहा, ₹MG कॉमेट एश की इनोवेटिव डिजाइन और यूजर फ्रेंडली फीचर्स ने उन ग्राहकों के लिए इसे एक बेहतरीन विकल्प बना दिया है, जो रोजना आने जाने के लिए एक प्रैक्टिकल समाधान चाहते हैं। कॉमेट EV की बढ़ती स्वीकार्यता इसके बिक्री आंकड़ों में साफ नजर आती है। कैलेंडर वर्ष 2023 की तुलना में कैलेंडर वर्ष 24 में कॉमेट एश की बिक्री में 29% का जोरदार उछाल देखने को मिला है। MG कॉमेट एश 2025 ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के हमारे समर्पण को दशार्ती है। फरवरी 2025 में, खरह MG मोटर इंडिया ने कॉमेट ब्लैकस्टॉर्म एडिशन पेश किया है। इस नई पेशकश से कॉमेट एश लाइनअप का और विस्तार हुआ है। रु. 2.5 प्रति किमी की बैटरी-एज-ए-सर्विस के साथ ब्लैकस्टॉर्म एडिशन की कीमत रु. 7.80 लाख है। इसमें डार्क क्रोम, ब्लैक बैज और रेड एक्सेंट के साथ एक स्लीक 'स्टाररी ब्लैक' एक्सटीरियर दिया गया है। इंटीरियर की बात करें तो, इसमें 'ब्लैकस्टॉर्म' एम्ब्रॉयडरी वाली लेदरेट सीटें, 10.25-इंच टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, 10.25-इंच इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, वायरलेस एंड्रॉइड ऑटो और ऐप्पल कारप्ले, इलेक्ट्रॉनिक रूप से एडजस्टेबल ORVMS और चार-स्पीकर ऑडियो सिस्टम दिया गया है। कॉमेट एश MG BE ई-शील्ड के साथ स्मार्ट ओनरशिप पैकेज प्रदान करती है। MG ई-शील्ड में रिपेयर और सर्विस लागत शामिल है। यह एक खास 3-3-3-8 पैकेज पेश करती हैः इसमें 3 साल या 1 लाख किमी की वारंटी, 3 साल की रोडसाइड असिस्टेंस (RSA), 3 निःशुल्क लेबर सर्विस - पहली 3 शिड्यूल सर्विस और 8 साल या 1 लाख 20 हजार किमी की वारंटी शामिल होती है।

> **MG कॉमेट EV एक विशेष MG B ई-शील्ड 3-3-3-8 पैकेज (3 साल या 1 लाख किलोमीटर की वारंटी + 3 साल का रोड-साइड असिस्टेंस+ 3 फ्री लेबर सर्विस + बैटरी पैक पर 8 साल या 1.2 लाख किलोमीटर की वारंटी) के साथ पेश की गई है, MG कॉमेट EV की शुरूआती कीमत 4.99L + बैटरी-एज-ए-सर्विस @ 2.5/किमी**

| Variant | BaaS | Price | Price |
|---|---|---|---|
| Executive | 4,99,000 | + 2.5/km | 6,99,800 |
| Excite | 6,25,000 | + 2.5/km | 8,25,800 |
| Excite FC | 6,77,000 | + 2.5/km | 8,77,800 |
| Exclusive | 7,35,000 | + 2.5/km | 9,35,800 |
| Exclusive FC | 7,77,000 | + 2.5/km | 9,77,800 |

**राज-काज**

### गूगल ने रुपए 2.7 लाख करोड़ में विज को खरीदा

**न्यूयॉर्क।** टेक कंपनी गूगल ने क्लाउड सिक्योरिटी फर्म विज को 32 बिलियन डॉलर (2.7 लाख करोड़ रुपए) में खरीद लिया है। कंपनी ने मंगलवार को विज के साथ डील साइन की है। ये गूगल की अब तक की सबसे बड़ी डील है। सौदे के तहत विज, गूगल क्लाउड बिजनेस का हिस्सा बनेगी। खरीदारी पर गूगल ने कहा कि हमारी क्लाउड सिक्योरिटी सर्विस पहले से ही मजबूत हैं। विज के जुड़ने से यह और ज्यादा बेहतर होगी। यह सौदा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) से बढ़ते साइबर खतरों को रोकने में मदद के लिए किया गया है। गूगल का टारगेट क्लाउड सिक्योरिटी बिजनेस में माइक्रोसॉफ्ट और अमेजन जैसी कंपनियों को टक्कर देना है। विज की मदद से मल्टीक्लाउड टेक्नोलॉजी को और बेहतर बनाया जाएगा। गूगल ने 2023 में 23 बिलियन डॉलर का ऑफर दिया था।

**एलआईसी की जल्द हेल्थ इंश्योरेंस बिजनेस में होगी एंट्री**

# 31 मार्च तक स्टैंडअलोन हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी में हिस्सेदारी खरीदने का ऐलान करेगी

एजेंसी ● नई दिल्ली

सरकारी कंपनी लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया जल्द ही एक हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी में हिस्सेदारी खरीद सकती है। मंगलवार को छक्क के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर सिद्धार्थ मोहंती ने कहा कि इंश्योरेंस कंपनी चालू वित्त वर्ष 25 के आखिरी तक यानी 31 मार्च तक एक स्टैंडअलोन हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी में हिस्सेदारी के अधिग्रहण की घोषणा कर सकती है। हालांकि, सिद्धार्थ मोहंती ने उस कंपनी का नाम नहीं बताया है, जिसमें छक्क महत्वपूर्ण हिस्सेदारी हासिल करना चाहती है। मोहंती ने मुंबई में ग्लोबल कॉन्फ्रेंस ऑफ एक्चुअरीज के मौके पर कहा, 'हमारे पास योजनाएं हैं और कंपनी के साथ चचाएं फाइनल स्टेज में हैं।

एलआईसी के लिए हेल्थ इंश्योरेंस में प्रवेश करना एक नेचुरल चॉइस है। रेगुलेटरी अप्रूवल्स में समय लगता है, इसलिए मुझे उम्मीद है कि इस वित्तीय वर्ष के भीतर 31 मार्च से पहले फैसला लिया जाएगा।' मोहंती ने यह भी स्पष्ट किया कि छक्क हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी में बहुमत हिस्सेदारी हासिल नहीं करेगी। वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में छक्क ने कहा था कि वह हेल्थ इंश्योरेंस बिजनेस में प्रवेश करने के लिए वित्त वर्ष 2025 में एक स्टैंडअलोन हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी में हिस्सेदारी हासिल करना चाहती है। अभी मार्केट में सात स्टैंडअलोन हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियां हैं, जिसमें स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस, निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस, केयर हेल्थ इंश्योरेंस, आदित्य बिड़ला हेल्थ इंश्योरेंस, मणिपाल सिग्ना हेल्थ इंश्योरेंस, नारायण हेल्थ इंश्योरेंस और गैलेक्सी हेल्थ इंश्योरेंस के नाम शामिल हैं।इसके अलावा मोहंती ने बताया कि छक्क ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी फ्ककसे एडिशनल लॉन्ग टर्म बॉन्ड्स जारी करने की रिक्वेस्ट की है। छक्क ने पहले 40 साल के बॉन्ड की रिक्वेस्ट की थी, जिसे फ्ककने मंजूरी दे दी। अब, छक्क 50 साल और 100 साल के बॉन्ड के लिए फ्ककके साथ चर्चा कर रही है।मोहंती ने कहा, 'हम लॉन्ग टर्म इन्वेस्टर्स हैं। कॉन्ट्रैक्ट के अनुसार भुगतान करने के लिए हमारे पास कॉन्ट्रैक्चुअल ऑब्लिगेशन्स यानी अनुबंध संबंधी दायित्व हैं। इसलिए, मुझे निवेश और एसेट लायबिलिटी मैनेजमेंट को ठीक से मैनेज करना होगा।



नागपुर में सोमवार रात भड़की हिंसा के बाद कर्फ्यू के बीच चिटनिस पार्क इलाके में एक कार के जले हुए अवशेषों के पास खड़े लोग।

### मुख्यमंत्री ने खेली फूलों की होली, मां जानकी के दर्शन कर की सभी के सुख-समृद्धि की कामना

# करीला धाम विकास के लिए देंगे एक करोड़ : सीएम यादव

**संवाददाता ● भोपाल**

**कार्यक्रम**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सरकार भगवान श्रीराम के प्रदेश में विभिन्न आगमन स्थलों के संरक्षण और उन्नयन का कार्य कर रही है। इसके साथ ही प्रदेश में भगवान श्रीकृष्ण लीला-स्थलों को तीर्थ के रूप में विकसित करने के लिये श्रीकृष्ण पाथेय योजना को क्रियान्वित करने का काम भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि करीला धाम में भी श्रद्धालुओं को आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को और अधिक बेहतर बनाने के लिये एक करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत की जायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को अशोकनगर के करीला धाम में माँ जानकी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने रंगपंचमी के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं के साथ फूलों की होली भी खेली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि करीला धाम में श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाओं का विस्तार किया जायेगा। मेले की व्यवस्थाओं को और अधिक पुख्ता किया जायेगा, यह प्रयास किया जायेगा कि करीला धाम मेला राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाए। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में करीला धाम में आने जाने वाले मार्गों पर श्रद्धालुओं के लिए छाया की व्यवस्था की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का संबंध चंदेरी से होने के कारण यहां की गढ़ी को भव्य बनाया जाएगा।



### मध्य प्रदेश को दूध उत्पादन में देश में बनाएंगे नंबर-1

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों को 175 रुपये बोनस देकर 2600 रुपये क्विंटल गेहूं खरीदा जा रहा है। धान पर भी 4000 रुपये प्रति हेक्टेयर अनुदान किसानों को मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार दूध उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए "गोपाल योजना' प्रारंभ कर रही है। उन्होंने कहा कि 10 से अधिक गाय पालने वालों को सरकार अनुदान देगी। सहकारी संस्थाओं के माध्यम से दूध पर 5 रुपये प्रति लीटर की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। वर्तमान में मध्यप्रदेश दूध उत्पादन में देश में तीसरे स्थान पर है। हमने प्रदेश को पहले स्थान पर लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### भगवान श्रीराम का जीवन संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत

मुख्यमंत्री डॉ। यादव ने भगवान श्रीराम, माता जानकी और रघुकुल के आदर्शों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके द्वारा स्थापित किये गये आदर्श संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि करीला धाम की दिव्यता और आध्यात्मिक ऊर्जा ऐसी है कि एक बार जो यहां आता है, वह स्वयं को बार-बार आने से रोक नहीं पाता। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राई नृत्य का जिक्र करते हुए कहा कि जब भगवान श्रीराम के घर में लव-कुश का जन्म हुआ होगा, तब इसे 'रघुराई नृत्य' कहा जाता रहा होगा। मुख्यमंत्री डॉ। यादव ने बताया कि हाल ही में सरकार ने 4।21 लाख करोड़ का ऐतिहासिक बजट पेश किया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आवास योजनाओं को गति दी जा रही है ।

### सीएम डॉ. यादव आज तराना में करेंगे नर्मदा-क्षिप्रा परियोजना का शिलान्यास

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज उज्जैन जिले के तराना में 2,489 करोड़ 65 लाख के विकास कार्यों की सौगात देंगे। वे नर्मदा-क्षिप्रा बहुउद्देशीय माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना व अन्य विकास कार्यों का शुभारंभ और भूमिपूजन करेंगे। नर्मदा-क्षिप्रा बहुउद्देशीय माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना से क्षेत्र के कुल 100 ग्रामों की 30,218 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इससे उज्जैन जिले की दो तहसीलों तराना, घट्टिया के कुल 83 ग्रामों की 27,490 हेक्टेयर भूमि और शाजापुर जिले की एक तहसील शाजापुर विधानसभा क्षेत्र शाजापुर के कुल 17 ग्रामों की 2,728 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। परियोजना से उज्जैन जिले को उद्योग और पेयजल के लिए 129.60 एमएलडी, नागदा को 129.60 एमएलडी जल, तराना, घट्टिया और गुराड़िया गुर्जर को 21.60 एमएलडी जल पेयजल के लिए प्रदाय होगा। परियोजना से शाजापुर जिले के ग्राम समूह और शाजापुर नगर के पेयजल के लिए 43.20 एमएलडी, मक्सी में पेयजल और उद्योग के लिए 43.20 एमएलडी जल दिया गया। परियोजना में ओंकारेश्वर जलाशय ग्राम बड़ेल जिला खंडवा से भूमिगत पाइप लाइन द्वारा 15 घन मीटर प्रति सेकंड की दर से जल 435 मीटर ऊंचाई तक कुल 6 पंपिंग स्टेशन और 50 पंप मोटर के माध्यम से उद्वहित किया जाएगा। परियोजना में मुख्य पाइप लाइन और वितरण प्रणाली से 215 हेक्टेयर चक तक कुल 2,254 किमी (3,000 मिमी व्यास से 63 मिमी व्यास) पाइप लाइन बिछाई गई है। प्रति 20 हेक्टेयर पर एक ओएमएस बॉक्स, यानी कुल 1,539 बॉक्स स्थापित किए गए हैं।

## शॉट न्यूज

### कलेक्टोरेट पहुंच रिटायर्ड टीचर ने की शिकायत

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। ऑफिस पहुंचकर एक रिटायर्ड शिक्षक ने कुछ ऐसा कहा जिसे सुनकर अधिकारी ही हैरान रह गए। सिर पर बैग का पोटला रखकर जैसे ही टीचर कलेक्टर दफ्तर पहुंचे, सभी हैरान रह गए। उन्होंने कहा कि मुझे मेरी राशि दिलाकर न्याय चाहिए। यह दर्द एक रिटायर्ड शासकीय स्कूल शिक्षक पूरन सिंह ने बयां किया है। अब कलेक्टर ऑफिस में दिए गए आवेदन पर अधिकारी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। दरअसल, डबरा तहसील स्थित ग्राम गतारी के रहने वाले पूरन सिंह जाट शासकीय माध्यमिक शिक्षक पद से रिटायर हुए हैं। ट्रिपल एमए, एलएलबी किए हुए पूरन सिंह जाट ने 1998 में शिक्षाकर्मी के पद पर स्कूल शिक्षा विभाग ज्वाइन किया था। 21 जुलाई 2024 को उन्होंने शासकीय माध्यमिक विद्यालय गड़ी पिछोर में अपनी अंतिम सेवाएं दी और रिटायर हो गए। रिटायरमेंट के बाद उन्हें शासन से मिलने वाली सुविधाओं से वंचित कर दिया गया।

### काले जादू के शक में बुजुर्ग की हत्या

**भोपाल** । मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पाड़ल्या बना में अंधविश्वास के चलते एक बुजुर्ग की हत्या कर दी गई। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 23 वर्षीय धनराज सूर्यवंशी ने गांव के ही 60 वर्षीय लक्ष्मणसिंह वर्मा की काले जादू के संदेह में हत्या कर दी। सड़क किनारे लक्ष्मणसिंह वर्मा का शव संदिग्ध हालत में मिला था, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई थी। पुलिस ने शव की पहचान कर पोस्टमार्टम कराया और अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया। चूंकि घटना के समय कोई चश्मदीद नहीं था, इसलिए पुलिस के लिए यह चुनौतीपूर्ण मामला था। नरसिंहगढ़ थाना प्रभारी शिवराजसिंह चौहान ने एक विशेष टीम गठित कर मामले की जांच शुरू की और आरोपी तक पहुंच गए।

### एनजीओ ने बेटी बचाओ पर हजारों से की ठगी

**भोपाल।** राजस्थान से संचालित एक एनजीओ पे टू पे सोशल फाउंडेशन ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना की आड़ में नेटवर्क चेन स्कीम के जरिए देशभर में 93,000 से अधिक लोगों को ठगकर 5 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की। वारासिवनी पुलिस ने एनजीओ से जुड़े चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मुख्य सरगना फरार है और उसकी तलाश जारी है। एसडीओपी वारासिवनी अभिषेक चौधरी ने बताया कि एनजीओ ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के नाम पर लोगों को गुमराह कर 550 रुपये की सदस्यता राशि जमा कराई। इसके तहत, सदस्यों को चेन स्कीम से जोड़ा गया, जो भारतीय रिजर्व बैंक के नियमों के विपरीत अवैध रूप से संचालित की जा रही थी। शिकायत मिलने पर वारासिवनी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने एनजीओ के दो सदस्यों को बालाघाट और दो को जयपुर से गिरफ्तार किया।

# चुपके से पुलिसवाले के साथ मथुरा घूमने गई पत्नी

### पति ने देखा इंस्टा तो उड़ गए होश

**संवाददाता ● भिंड़**

मध्य प्रदेश के भिंड से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। दरअसल, अपनी गर्लफ्रेंड के पति को बंधक बनाना 2 पुलिस आरक्षकों को भारी पड़ गया। शिकायत आला अधिकारियों तक पहुंची तो हड़कंप मच गया। इसके बाद एसपी एक्शन मोड पर आ गए। फिर दोनों को सस्पेंड कर दिया गया। दोनों आरक्षक जिले के रौन थाने में पदस्थ थे। दरअसल पुलिस आरक्षक की कॉल सेंटर पर काम करने वाली एक महिला से बातें होने लगी। धीरे-धीरे दोनों में प्यार हो गया। इतना ही नहीं दोनों घूमने भी निकल गए। यहां दोनों ने जमकर फोटो भी छींचवाए। जब महिला के पति की नजर फोटो पर पड़ी तो उसके होथ उड़ गए। तब उसे अपनी पत्नी और पुलिसकर्मी के अफेयर के बारे में पचा चला। महिला का पति सेल्समैन का काम किया करता था। महिला और उसके पति के बीच अक्सर झगड़े होते थे। झगड़े के बाद पत्नी अपने मायके चली गई थी। ये बात महिला ने इस बात की जानकारी अपने प्रेमी आरक्षक को दी थी। इसके बाद आरोपी पुलिस आरक्षक ने बिना वरिष्ठ अधिकारियों को बताएं मुरैना से महिला के पति को बंधक बना लिया था। फिर दबंगई दिखाते हुए उसे फोन से फोटो डिलीट करवाए। फिलहाल एसपी ने दोनों आरक्षकों को निलंबित कर दिया है। दोनों आरक्षकों पर विभागीय जांच शुरू हो गई है। दरअसल, ग्वालियर के एक कॉल सेंटर में महिला काम किया करती थी।

## 7 दिन छुट्टी पर रहेंगे 23000 पंचायत सचिव


**संवाददाता ● भोपाल**

मध्यप्रदेश के करीब 23 हजार पंचायत सचिव 7 दिन के सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। वे 26 मार्च से 1 अप्रैल तक छुट्टी लेंगे। तीन से चार महीने का वेतन नहीं मिलने के चलते भी वे नाराज हैं और अब सड़क पर उतरेंगे। मध्यप्रदेश पंचायत सचिव संगठन के अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने बताया, 7 सूत्री मांगों को लेकर संगठन के 313 ब्लॉक और 52 जिला मुख्यालय के ब्लॉक-जिला अध्यक्ष कलेक्टरों को ज्ञापन सौंपेंगे। इसमें बताया जाएगा कि 25 मार्च तक यदि मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो 26 मार्च से वे सामूहिक अवकाश पर चले जाएंगे।अध्यक्ष शर्मा ने बताया, फिलहाल 7 दिन तक सामूहिक अवकाश पर रहने का निर्णय लिया है। इस अवधि में भी सरकार ने पंचायत सचिवों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो हड़ताल को आगे बढ़ा देंगे। मांगें पूरी होने तक अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे।

**26 मार्च से 1 अप्रैल तक लेंगे सामूहिक अवकाश**

### एमपी के आधे हिस्से में आंधी-बारिश, कल 28 जिलों में बादल रहेंगे

# मंडला-बालाघाट में 2 दिन ओले गिरने का अलर्ट



**संवाददाता ● भोपाल**

**अलर्ट**

मध्यप्रदेश के मंडला, बालाघाट, सीधी-सिंगरौली समेत 7 जिलों में अगले 2 दिन तक ओले गिरने का अलर्ट है। वहीं, प्रदेश के आधे हिस्से में तेज आंधी, गरज-चमक और हल्की बारिश की संभावना है। भोपाल-जबलपुर में भी मौसम बदला रहेगा। सीहोर में गुरुवार सुबह घने बादल छाए रहे। बूंदाबांदी भी हुई। सुबह 8 बजे तक धूप नहीं निकली। इससे पहले बुधवार को नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, गुना, अशोकनगर, सिंगरौली, सीधी, मऊगंज, शहडोल, उमरिया, डिंडौरी, कटनी, मंडला और मैहर जिलों में मौसम बदला रहा। -गुरुवार की रात उमरिया में 36Km, सिवनी में 34Km और शहडोल में 30Km प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं भी चलीं। कुछ जगहों पर बौछारें भी गिरीं। भोपाल में बादल छाए रहे। गुरुवार को यहां हल्की बारिश का अलर्ट है। इससे दिन के पारे में गिरावट हो सकती है। रीवा में देर रात बारिश और ओलावृष्टि हुई। पिछले 24 घंटे में 2.6 एमएम पानी गिर चुका है। कई इलाकों में फसलें खराब हो गई हैं।

### शाम के बाद मौसम बदल सकता है

मौसम विभाग ने दोपहर में सिंगरौली, पन्ना, सीधी, मैहर, दक्षिणी छतरपुर, विदिशा, उत्तरी उमरिया, कटनी, पश्चिम रीवा और मऊगंज जिलों में बिजली चमकने के साथ हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। अन्य जिलों में शाम के बाद मौसम बदल सकता है। दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम के एक्टिव होने की वजह से इन दिनों मौसम बदला हुआ है। वहीं, एक टर्फ भी गुजर रहा है। एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) भी एक्टिव हो गया है। जिसके असर से प्रदेश में बारिश का दौर शुरू होगा। 22 मार्च तक प्रदेश में मौसम बदला रहेगा। इसके बाद पूर्वी हिस्से के पारे में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होगी।

# मप्र में गर्मी के पहले ही गांवों में जलसंकट गहराया

**संवाददाता ● भोपाल**

**जलसंकट**

भोपाल से करीब 70 किलोमीटर दूर स्थित बिसनखेड़ी गांव में जल संकट गहराने लगा है। ग्रामीणों को पानी के लिए दो किलोमीटर दूर एक गड्ढा खोदना पड़ा है। वे उस गड्ढे के मटमैले पानी को कपड़े से छानकर प्लास्टिक के ड्रमों में भरते हैं और बैलगाड़ी के जरिए घरों तक ले जाते हैं। यह गांव मध्य प्रदेश सरकार के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा के इछावर विधानसभा क्षेत्र में आता है। सीहोर जिले के शिवराज सिंह चौहान करीब 18 साल तक मुख्यमंत्री रहे, इसके बावजूद यह गांव जल संकट से जूझ रहा है। हर विधानसभा सत्र में बिसनखेड़ी जैसे सैकड़ों गांवों के जल संकट की चर्चा होती है। विधायक अपने-अपने क्षेत्रों में जल संकट और जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पाइपलाइनों में हुए भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाते हैं। इस बार भी विपक्ष ने जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। हालांकि, कुछ हद तक जल आपूर्ति योजनाओं से समस्या का समाधान हुआ है, लेकिन कई जगहों पर जमीनी हकीकत सरकारी दावों से अलग है।



### मंत्री ने दिया था आश्वासन,

पिछले साल 5 जुलाई 2024 को विधानसभा में संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने एक सवाल के जवाब में कहा था कि कलेक्टर अब जल जीवन मिशन की बैठकों में सभी जनप्रतिनिधियों को बुलाएंगे और प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की समीक्षा करेंगे। यह बैठक हर महीने होगी। यदि इसके बाद भी कोई शिकायत रहती है, तो अधिकारी को भेजकर समस्या का समाधान करवाने का प्रयास किया जाएगा। विजयवर्गीय की विधानसभा में की गई इस घोषणा के बावजूद अधिकारियों ने सांसदों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों को बुलाए बिना ही जल जीवन मिशन की बैठकें कर लीं।

### मध्य प्रदेश के किसी सरकारी अस्पताल में पहला केस

# एम्स में बेहोश किए बगैर व्यक्ति के हृदय तक पहुंचाया कृत्रिम वॉल्व

**संवाददाता ● भोपाल**

**मामला**

प्रदेश की राजधानी भोपाल स्थित एम्स में स्वास्थ्य सेवाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। अब एम्स ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। प्रदेश में पहली बार किसी शासकीय अस्पताल में मरीज को बेहोश किए बिना कृत्रिम हृदय वॉल्व को उसके हृदय तक पहुंचाया गया। खास बात यह है कि इस तकनीक में न तो किसी तरह का चीरा लगाने की जरूरत होती है और न ही मरीज को एनेस्थीसिया देने की आवश्यकता होती है। मरीज को बेहोश किए बिना ही शल्य चिकित्सा पूर्ण हो जाती है और ऐसे मामलों में मरीज की रिकवरी तेज गति से होने लगती है। गौरतलब है कि एम्स भोपाल में मध्य प्रदेश में पहली बार ट्रांसकैथेटर एऑर्टिक वाल्व इंप्लांटेशन (टीएवीआई) किया गया।



### ओपन हार्ट सर्जरी का अच्छा विकल्प

एम्स के चिकित्सकों का कहना है कि जो लोग हार्ड संबंधित बीमारियों से पीड़ित है उनके लिए उनके लिए यह प्रक्रिया बहुत ही लाभदायक है। डॉक्टरों के अनुसार यह शल्य चिकित्सा उन्नत हृदय देखभाल सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। टीएवीआई हृदय वॉल्व प्रतिस्थापन की ऐसी तकनीक है, जो उच्च जोखिम वाले रोगियों के लिए ओपन हार्ट सर्जरी का अच्छा विकल्प है। एम्स भोपाल के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. भूषण शाह ने बताया कि इस प्रक्रिया में पैर की धमनी के माध्यम से कृत्रिम हृदय वाल्व को हृदय तक पहुंचाया जाता है और इसे प्रभावित वाल्य की जगह प्रत्यारोपित किया जाता है। खास बात यह है कि इस प्रक्रिया के दौरान चीरा लगाने, सामान्य एनेस्थीसिया देने या वेंटिलेटर का उपयोग करने की आवश्यकता नहीं होती है, यही कारण है कि मरीज की जल्दी रिकवरी होने लगती है। जल्दी स्वस्थ होने के कारण मरीज को अस्पताल से जल्दी ही छुट्टी मिल जाती है।

दैनिक आदित्य भारत
!! श्रीकृष्ण शरणंमम!!
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, शुक्रवार, 21 मार्च, 2025
www.adityabharat.com



# जब रेखा के नखरों से परेशान हुए डायरेक्टर, वापस मांगा साइनिंग अमाउंट, बंद किया शूट

रेखा भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी और बेहतरीन अदाकाराओं में से एक रही हैं। अपने वक्त में रेखा इंडस्ट्री की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एक्ट्रेस थीं। लगातार फिल्मों के हिट होने के बाद उनकी डिमांड भी इंडस्ट्री में खूब बढ़ गई थी। 70 की उम्र में भी रेखा फैंस को अपने फैशन सेंस और स्टेटमेंट से प्रेरित करती हैं। अब सीनियर एक्टर रंजीत ने रेखा को लेकर बात की है। रंजीत ने बताया कि एक बार उन्होंने रेखा को अपनी फिल्म के लिए साइन किया था। हालांकि एक्ट्रेस के नखरे न झेल पाने पर उन्होंने रेखा से साइनिंग अमाउंट वापस मांग लिया था। विक्की ललवानी संग बातचीत में रंजीत ने बताया कि ये उन दिनों की बात है जब वो खुद को मिलने वाले रोल्स से तंग आ गए थे और खुद की फिल्में बनाना चाहते थे। उन्होंने कहा, 'मैंने लगभग एक दशक तक फिल्में साइन नहीं की थीं। मैं तंग हो जाता था।



जब मैंने फिल्में बनानी शुरू कीं, तब एक्टर्स से चाहे मेरा जैसा भी बॉन्ड रहा हो, मैं उन्हें उनके काम के लिए पैसे जरूर देता था। हालांकि वो मुझसे ऐसे लेने पर हिचकिचाते थे। मैं जिद्द करता और उन्हें पैसे दे देता। ऐसे ही मैंने रेखा को बोला था कि तुम मेरी दोस्त हो, लेकिन मैं तुम्हें अपनी फिल्म के लिए साइन कर रहा हूं। मैं चाहता हूं कि तुम मुझे एक अमाउंट बताओ और मैं वो तुम्हें दूंगा और उन्होंने बाद में बताया। बाद में मुझे पता चला कि किसी और ने उन्हें अपनी फिल्म के लिए साइन किया है और वो उन्हें 5 लाख रुपये दे रहा है। ये शुरुआत थी। आगे रंजीत ने कहा, 'मुझे पता था कि वो प्रोड्यूसरों की अपने घर के बाहर लाइन लगवाती हैं और उनसे नहीं मिलती। जब मैंने उन्हें अपनी फिल्म की कहानी सुना रहा था, मेरी पूरी टीम बाहर इंतजार कर रही थी। उन्हें टीम को अंदर ही नहीं आने दिया था। मैंने उनसे बात की, लेकिन उन्होंने कहा कि उन्हें बाहर ही इंतजार करने दो। सिर्फ फर्जाना जाकर उनसे मैसेज लेकर आती थी और रेखा को देती थी। वो किसी से नहीं मिलती थीं।' दिक्कत की शुरुआत तब हुई जब रेखा ने फिल्म की शूटिंग शाम को करने से मना कर दिया। रंजीत ने कहा, 'वो उन दिनों एक और फिल्म शूट कर रही थीं तो उन्होंने मुझसे कहा कि हम रात की जगह दिन में शूट करेंगे। मैंने उन्हें कह दिया कि फिल्म मैं बना रहा हूं, आप नहीं। मैं समझ गया था कि वो जल्द ही मुझे दूसरे



# 'छावा' ने आज तोड़े 'पुष्पा 2' से लेकर 'जवान'- 'स्त्री 2'-'एनिमल' के रिकॉर्ड



विक्की कौशल-रश्मिका मंदाना की फिल्म छावा ने बॉक्स ऑफिस पर आज 34वां दिन के लिए बिजनेस कर रही है। फिल्म को रिलीज हुए काफी टाइम हो चुका है इसलिए अब इसकी कमाई में कमी आ चुकी है। इसके बावजूद फिल्म हालिया रिलीज जॉन अब्राहम की द डिप्लोमैट से ज्यादा कमाई कर रही है। इस ईद सलमान खान की सिकंदर की रिलीज होनी है। इससे पहले छावा के पास अब सिर्फ 10 दिन का समय बचा है जिसमें फिल्म कलेक्शन कर पाएगी। खैर सिकंदर की रिलीज के बाद क्या होता है ये तो फ्यूचर बताएगा। उसके पहले छावा की अब तक की कमाई के बारे में जान लेते हैं। साथ ही, ये जानेंगे कि फिल्म ने आज कौन सा रिकॉर्ड बना दिया है। छावा ने 4 हफ्तों में 552।18 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। 29वें, 30वें और 31वें दिन फिल्म का कलेक्शन सैक्निल्क के मुताबिक, 7.25, 7.9 और 8 करोड़ रुपय रहा। 32वें और 33वें दिन फिल्म ने 2.65 और 2.65 करोड़ का बिजनेस करते हुए टोटल 580.63 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया। फिल्म ने आज यानी 32वें दिन 10:25 बजे तक 2.70 करोड़ रुपये का बिजनेस कर लिया है और इसके साथ ही छावा का टोटल कलेक्शन 583.33 करोड़ रुपये हो चुका है। ये आंकड़े फाइनल नहीं हैं। इनमें फेरबदल हो सकता है।

# अमरूद बेचने वाली महिला से इंप्रेस हुईं प्रियंका

एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा इन दिनों निर्देशक एसएस राजामौली के साथ अपनी अगली फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म शूटिंग के लिए वे पिछले कुछ दिनों से ओडिशा में थीं। ओडिशा से मुंबई रवाना होने के दौरान उनके साथ कुछ ऐसा हुआ कि वो खुद को इंस्पायर महसूस कर रही हैं। और उन्होंने वो वाकया अपने फैंस से सोशल मीडिया के जरिए शेयर किया है। दरअसल, अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सेट की कुछ तस्वीरें और वीडियो शेयर करके बताया कि ओडिशा में उनके पिछले कुछ दिन कैसे गुजरे। एक वीडियो में प्रियंका कैमरे से बात करते हुए कहती हैं, तो मैं ऐसा अक्सर नहीं करती लेकिन आज मैं बहुत प्रेरित हुई। मैं मुंबई से न्यूयॉर्क जाने के लिए विशाखापत्तनम हवाई अड्डे की ओर जा रही थी। और मैंने एक महिला को अमरूद बेचते हुए देखा। मुझे कच्चे अमरूद बहुत पसंद हैं। तो मैंने उसे रोका और पूछा, ये सारे अमरूद कितने के हैं? उसने कहा 150 रुपए। मैंने उसे 200 रुपए दिए। वो मुझे चेंज लौटाने की कोशिश कर रही थी। मैंने कहा, तुम रख लो। जाहिर है वह अमरूद बेचकर अपना गुजारा करती थी। वह थोड़ी देर के लिए चली गई लेकिन लाल बत्ती हरी होने से पहले वह वापस आई और मुझे दो और अमरूद दे गई। एक कामकाजी महिला, उसे दान नहीं चाहिए था। यह बात मुझे बहुत प्रभावित कर गई। कुछ दिन पहले प्रियंका ने अपने फैंस को होली की शुभकामनाएं दी थीं और अपनी आगामी फिल्म के सेट पर क्रू के साथ तस्वीरें पोस्ट की थीं। प्रियंका ने पोस्ट के साथ कैप्शन लिखा, 'यह हमारे लिए कामकाजी होली है। सभी को अपने प्रियजनों के साथ हंसी-खुशी और एकजुटता से भरी होली की शुभकामनाएं।' जनवरी में तेलंगाना के चिलकुर बालाजी मंदिर की अपनी यात्रा की नई तस्वीरें साझा करते हुए एक्ट्रेस ने एक 'नए चैप्टर' की शुरुआत की तरफ इशारा किया था।

# जिस सीन से बना सुपरहिट करियर, वो ही क्यों नहीं करना चाहती थीं तनुश्री दत्ता?

आज बॉलीवुड एक्ट्रेस तनुश्री दत्ता का बर्थडे है। तनुश्री भले आज स्टारडम से कोसों दूर हैं, लेकिन एक जमाना ऐसा था कि तनुश्री की खूबसूरती के चर्चों से सुर्खियों का बाजार काफी गर्म रहता था। तनुश्री को आजकल लोग उनके #Meetoo मूवमेंट के लिए जानते हैं, लेकिन तनुश्री की पहली फिल्म ने उन्हें रातों रात जो शोहरत दिलाई थी, वो हर किसी डेब्यू आर्टिस्ट का सपना है। और उन्हें उनकी उसी शोहरत के लिए लोग आज भी जानते हैं। तनुश्री ने हिंदी सिनेमा में कदम रखा था साल 2005 में आई फिल्म 'आशिक बनाया आपने' से। ये एक ऐसी फिल्म है जो हर 90's किड को याद है। ये फिल्म इसका क्लाइमैक्स, गाने, एक्टिंग, स्टोरी और डायलॉग्स आज भी कल्ट हैं। हालांकि, सबसे ज्यादा याद किया जाता है इस फिल्म का टाइटल ट्रेक जिसे तनुश्री और इमरान हाशमी पर फिल्माया गया था।



**इस गाने को करने पर क्यों है अफसोस-** 'आशिक बनाया आपने' में इमरान संग काम करने के बारे में बात करते हुए तनुश्री ने कहा था कि उन्हें इस बात का अफसोस है कि उन्होंने अपनी पहली ही फिल्म में इतना सेंशुयस गाना किया था। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा था कि वो इस तरह का काम नहीं करना चाहतीं और उन्हें अफसोस है कि अपनी पहली ही फिल्म में उनको ऐसा करना पड़ा। तनुश्री ने तो ये तक कहा था कि अगर अब किसी को उनके साथ काम करना है और डायरेक्टर ये चाहते हैं कि फिल्म में इस तरह के सीन हों तो वो किसी और एक्ट्रेस को फिल्म में कास्ट कर सकते हैं। आपको बता दें कि तनुश्री के साथ इस फिल्म में 'आशिक बनाया आपने' में इमरान हाशमी और सोनू सूद ने काम किया था। ये फिल्म एक रोमांटिक थ्रिलर है। फिल्म का गाना 'आशिक बनाया आपने' आज भी लोगों को याद है।

# पलक के बाद दूसरी बेटी नहीं बेटा चाहती थीं श्वेता

श्वेता तिवारी और पलक तिवारी एंटरटेनमेंट जगत की सबसे प्यारी मां-बेटी की जोड़ियों में से एक हैं। दोनो के बीच काफी शानदार बॉन्डिंग है। पलक के अलावा श्वेता का एक बेटा रेयांश भी है, जिसका जन्म 2016 में हुआ था। एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू में कहा था कि वे पलक के बाद बेटी नहीं बेटा चाहती थीं। उन्होंने इसकी चौंकाने वाली वजह भी बताई थी। दरअसल पिंकविला को दिए एक पुराने इंटरव्यू में श्वेता ने पलक के जन्म के बाद एक बेटा चाहने के अपने कारणों का खुलासा किया था। इंटरव्यू के दौरान, श्वेता ने याद किया कि जब पलक 16 साल की थी, तब वह रेयांश के साथ प्रेग्नेंट थीं। एक खास घटना को याद करते हुए, श्वेता ने शेयर किया था, 'अपने 16वें जन्मदिन पर, वह बाहर गई और 1 लाख 80 हजार रुपये के मेकअप की खरीदारी की, इतने महंगे प्रोडक्ट। हर आई शैडो 7 हजार से 8 हजार रुपये का था।। खुद का बचाव करते हुए, पलक ने कहा, 'सच कहूँ तो, मैंने वास्तव में रिसर्च किया।' पलक की इस एक्सपेंसिव खरीदारी के बाद श्वेता ने मजाकिया अंदाज में कबूल किया कि उन्होंने अपने परिवार को बेटे की इच्छा के बारे में बताया। श्वेता ने कहा, 'मैं इतना खर्च नहीं कर सकती। मैं दूसरी बेटी नहीं पैदा कर सकती।' जहां श्वेता अपने लीड डेब्यू के बाद से ही टेलीविज़न पर छाई हुई हैं, वहीं पलक इंडस्ट्री में लगातार अपनी जगह बना रही हैं। पलक ने हार्डी संधू की चार्टबस्टर बिजली बिजली में काम करने के बाद फेम पाया और बाद में सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। फिल्म में उनके अभिनय की सराहना की गई थी। दूसरी ओर, श्वेता इंडस्ट्री की सबसे भरोसेमंद सितारों में से एक हैं, जिन्होंने कसौटी ज़िंदगी की, परवरिश - कुछ खट्टी कुछ मीठी और बेगूसराय जैसे हिट शो दिए हैं। वह बिग बॉस सीज़न 4 की विनर भी रह चुकी हैं।





# डीप नेक रेड गाउन पहन अवनीत कौर ने दिखाई कातिल अदाएं

अवनीत टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस हैं वहीं उन्होंने बॉलीवुड में भी एंट्री कर ली है। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर भी काफी पॉपुलर हैं और उनकी तगड़ी फैन फॉलोइंग। अवनीत इन सबके बीच अपनी ग्लैमस तस्वीरें भी इंस्टा पर शेयर कर फैंस को अपना दीवाना बनाए रखती हैं। एक्ट्रेस ने अब रेड गाउन पहन ऐसे ऐसे पोज में तस्वीरें क्लिक कराई हैं जिन्हें देखकर फैंस के पसीने छूट गए हैं। अवनीत कौर अपने फैशन सेंस से हमेशा सुर्खियों में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस अपनी ग्लैमरस तस्वीरों से इंटरनेट का पारा बढ़ाए रखती हैं। फिलहाल अवनीत ने रेड कलर का गाउन पहने अपनी बेहद सिजलिंग तस्वीरें शेयर की हैं। एक्ट्रेस रेड गाउन पहन हुस्न की मल्लिका लग रही हैं। उनका ये अंदाज वाकई क्लासी है। अवनीत डीप नेक रेड गाउन में अपनी क्लीवेज भी फ्लॉन्ट करती दिख रही हैं। इस दौरान एक्ट्रेस ने अपने बालों को सॉफ्ट कर्ल किया हुआ है और ग्लोइंग मेकअप भी किया है। अवनीत ने रेड गाउन पहन कातिलाना अंदाज में जमकर पोज भी दिए। अवनीत ने एक से बढ़कर एक पोज में तस्वीरें क्लिक कराईं।

# ओरी की गिरफ्तारी में दिख गई असली दोस्ती, अनन्या से लेकर सारा अली खान ने साधी चुप्पी



बॉलीवुड स्टारकिड्स के दोस्त और सोशल मीडिया सेंशेसन ओरी बीते दिनों कटरा से गिरफ्तार हो गए। ओरी यहां वैष्णों देवी माता क्षेत्र में बने एक होटल में दोस्तों के साथ शराब पी रहे थे। यहां शराब बैन होने के चलते ओरी के साथ उनके कुछ दोस्तों भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। अब ओरी की गिरफ्तारी पर बॉलीवुड स्टारकिड्स के साथ उनकी पक्की दोस्ती सवालों के घेरे में आ गई है। ओरी की गिरफ्तारी पर पूरे बॉलीवुड स्टारकिड्स ने चुप्पी साध ली और किसी ने एक पोस्ट तक नहीं किया। ऐसे में फैन्स को ओरी और स्टारकिड्स की पक्की दोस्ती पर शक होने लगा है। बता दें कि ओरी का नाम बीते कुछ साल में काफी चर्चा में रहा है। ओरी भले ही फिल्म इंडस्ट्री में एक्टिंग नहीं करते लेकिन फिर भी पूरी फिल्म फ्रेटरनिटी की ज्यादातर बच्चे उनके दोस्त हैं। ओरी अक्सर ही पार्टीज में सुहाना खान से लेकर खुशी कपूर और सारा तेंदुलकर के साथ पोज देते नजर आते रहते हैं। बताया जाता है कि ओरी की दोस्ती बॉलीवुड के सभी स्टारकिड्स के साथ है। अब ओरी के कुछ दोस्त बॉलीवुड स्टार भी बन गए हैं।



## कौन हैं ओरी और क्यों हुई गिरफ्तारी?

ओरी का असल नाम ओरहान अवत्रमणि है और बॉलीवुड स्टारकिड्स के साथ स्कूल गए थे। ओरी भले ही फिल्मों में एक्टिंग नहीं करते हैं लेकिन फिर भी उनकी दोस्ती ज्यादातर स्टारकिड्स के साथ है। ओरी अक्सर ही स्टारकिड्स के साथ पार्टी करते नजर आते रहते हैं। ओरी खुद भी अपने इंस्टाग्राम पर फिल्मी सितारों के साथ फोटो पोस्ट करते हैं। लेकिन बीते दिनों अपने दोस्तों के साथ जम्मू के कटरा पहुंचे थे। यहां ओरी अपने कुछ दोस्तों के साथ एक होटल में शराब पी रहे थे। यहां पुलिस ने छापा मारा और ओरी समेत उनके दोस्तों को गिरफ्तार कर लिया था। क्योंकि कटरा में मां वैष्णों देवी का मंदिर है। जहां शराब बैन है। इसके बाद भी यहां शराब के सेवन करने पर पुलिस ने ओरी को गिरफ्तार कर लिया था।



## न्यूज कॉलम

### छत्तीसगढ़ में बढ़ा पारा, रायपुर और बिलासपुर में सबसे ज्यादा तापमान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मौसम में बदलाव के संकेत हैं. मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा, लेकिन इसके बाद अगले तीन दिनों में तापमान में 2-4त्व की गिरावट दर्ज की जा सकती है. इस बीच गरज, तेज हवाएं, ओलावृष्टि और हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है.मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में बीते 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क बना रहा. इस दौरान रायपुर और बिलासपुर में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 38.0त्व दर्ज किया गया, जबकि अंबिकापुर में न्यूनतम तापमान 14.0त्व रहा.मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, प्रदेश में आज एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है. इसके अलावा, कुछ क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना है.

### बड़े भाई ने की छोटे भाई की हत्या, जमीन विवाद में

**गुंडरदेही।** थाना क्षेत्र में आज बड़े भाई ने छोटे भाई की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी. इस हादसे के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है. बताया जा रहा कि जमीन विवाद के चलते बड़े भाई ने इस वारदात को अंजाम दिया है. यह मामला खप्पड़वाड़ा गांव का है.मृतक का नाम राजकुमार मानिकपुरी 42 वर्ष बताया जा रहा है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची. मामला दर्ज कर हत्यारे भाई विष्णु राम मानिकपुरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. बताया जा रहा है कि दोनों भाइयों में महज 10 डिसमिल जमीन का विवाद चल रहा था. इसे लेकर हमेशा विवाद होता था और आज विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी बड़े भाई विष्णु राम मानिकपुरी ने अपने छोटे भाई राजकुमार मानिकपुरी पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वारकर उसे मौत के घाट उतार दिया.

### पेड़ से लटकी मिली ट्रैफिक पुलिस जवान की लाश

**कोंडागांव।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में एक ट्रैफिक पुलिस जवान की लाश पेड़ से लटकी हुई मिली है. जवान की लाश मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है. प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है.मृतक जवान का नाम विकास पांडे बताया जा रहा है, जो 2019 से कोंडागांव में पदस्थ था. जानकारी के अनुसार, विकास पांडे ने अपने सरकारी आवास परिसर में लगे आम के पेड़ पर अपने ही शर्ट का फंदा बनाकर फांसी लगा ली. यह घटना देर रात की बताई जा रही है. उस समय जवान अपने घर में अकेला था, जबकि उसकी पत्नी और बेटा अपने गृह ग्राम गए हुए थे।

**छत्तीसगढ़ में गृह विभाग में 6 हजार 85 पदों पर होगी नई भर्ती**

# डिप्टी सीएम विजय शर्मा बोले, पिछली सरकार ने एसआई भर्ती रोक रखी थी

संवाददाता ● रायपुर

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विभागों के लिए 21,277 करोड़ 28 लाख से अधिक की अनुदान मांगें पारित की गई है. गृह, पंचायत, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा तकनीकी और रोजगार विभाग के बजट अनुदान मांग पर चर्चा के दौरान उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सदन में सरकार का पक्ष रखा. उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में भर्ती को लेकर कई सदस्यों ने चिंता जताई. सरकार ने गड़बड़ी पर बड़ी कार्रवाई की है. खामियां को छिपाया नहीं, विधिवत कार्रवाई की गई है. उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि बीते छह सालों से एसआई की भर्ती नहीं की गई थी. साय सरकार ने न केवल नियुक्ति की, बल्कि आज उनकी ट्रेनिंग हो रही है. कांस्टेबल के पाँच हजार 967 पदों की भर्ती की प्रक्रिया चल रही है. राजनांदगांव में भर्ती में हुई गड़बड़ी पर दूसरे जिलों के अधिकारियों की जांच टीम बनाकर जांच की जा रही है.

बिलासपुर में 129 प्रकरण ऐसे मिले हैं, जिनमे खामियां थी. इसे छिपाया नहीं गया. हमने इसकी विधिवत कार्रवाई की है. 95 हजार वीडियो फुटेज देखकर हमने इन मामलों को पकड़ा है. महिला होम गार्ड के 1715 पद निकाले गए है. भर्ती की प्रक्रिया चल रही है. इसके अतिरिक्त कई नए पदों का सृजन विभाग ने किया है. सभी नवगठित छह जिलों में अजाक थाने शुरू किए जा रहे हैं. इसके लिए 90 नए पद सृजित किए गए हैं. सुकमा में नए थानों के लिए भी सौ से ज्यादा पद सृजित किए जा रहे हैं. गृह मंत्री ने बताया कि गृह विभाग का बजट दस फीसदी बढ़ाया गया. पूंजीगत व्यय में 104 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है. अधोसंरचना के लिए पर्याप्त बजट गृह विभाग को मिला है. गृह विभाग के लिए 2884 आवास बनाने का प्रावधान बजट में रखा गया है. गृह विभाग के पूर्व निर्मित आवास की मरम्मत के लिए बजट का प्रावधान किया गया है.

उन्होंने कहा कि विवेचकों के आवासीय बैरक के लिए 16 करोड़ का प्रावधान बजट में रखा गया है. ये बैरक ग्रामीण क्षेत्रों में बनाये जाएँगे. मल्टी स्टोरी बैरक बनाये जाने का भी प्रावधान है. आठ जगहों पर ट्रांजिट हॉस्टल बनाने के लिए आठ करोड़ का प्रावधान है. गृह विभाग में होने वाले निर्माण कार्यों के लिए बजट में पर्याप्त राशि रखी गई है. उन्होंने कहा कि जितनी चिंता महिलाओं के लिए नरेंद्र मोदी और विष्णुदेव साय ने की है ऐसी सानी कभी देखने को नहीं मिलेगी. महतारी वंदन हो या महतारी सदन हो इन सभी योजनाओं के साथ-साथ तीन नवीन महिला थाने शुरू किए जा रहे हैं. इसके लिए 180 नए पदों का सृजन किया जा रहा है. पाँच नई चौकियों को थाने में बदलने के लिए 180 नए पदों का सृजन किया जा रहा हैं. दस जिलों में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के लिए सौ नए पद सृजित किए जा रहे हैं.

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि बिलासपुर एयरपोर्ट, सीएम सुरक्षा,

## बिलासपुर में 129 प्रकरण ऐसे मिले है

बिलासपुर हाईकोर्ट, इंटेलिजेंस शाखा के लिए नए पद सृजित किए जा रहे हैं. एक नए बटालियन के लिए एक हजार सात पदों की स्वीकृति मिली है. स्टेट लेवल पर एसआईएसएफ के गठन को मंजूरी दी गई है. इसके लिए पाँच सौ पदों की स्वीकृति दी गई है. एनएसजी की तर्ज पर एसओजी का गठन किया जा रहा है. इसके लिए 44 पद सृजित किए जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि डिजिटल लेनदेन की वजह से साइबर अपराध बढ़ गए हैं. पूरी दुनिया का लगभग 40 फीसदी भुगतान भारत में हो रहा है. सायबर अपराध रोकने पाँच नए सायबर थाने शुरू किए जा रहे हैं. रायपुर में सायबर फोरेंसिक लैब बनकर तैयार है. एक जनवरी 24 से एक जनवरी 25 तक 23 लाख से ज्यादा काल सायबर अपराध को रोकने शुरू किए गए काल नम्बर 1930 पर आ चुका है. एनएफएसयू की एक यूनिट छत्तीसगढ़ में शुरू किया जाएगा.



गृह मंत्री ने बताया कि बस्तर फाइटर में लिए 3202 नए पदों की स्वीकृति मिली है. इस तरह नए पद कुल 6 हजार 85 सृजित किए जा रहे हैं. 25 साल पहले नारायणपुर के गड़पा में कोई गया होगा तो उन्होंने बाजार देखा होगा. अब 25 साल बाद फिर से वहाँ बाजार लग रहा है. ये कमाल देश के दूसरे लौह पुरुष अमित शाह की वजह से हुआ है. मार्च 2026 तक नक्सलवाद का खात्मा करने का संकल्प अमित शाह ने लिया है.

मंत्री ने कहा बस्तर में लोग जानते हैं कि पुजारी कांकेर में भी बाजार में रौनक आई है. पहले बीजापुर से पामेड तेलंगाना होकर जाया जाता था. अब इसके लिए सीधी बस सेवा शुरू हुई है. पूरे बस्तर में पाँच सौ से ज्यादा नए मोबाइल टावर लगाये गए हैं. बस्तर में 55 नए कैम्प शुरू किए गए हैं. नियाद नेल्लानार गाँव से अब लोग बाहर आ रहे हैं. ये ऐसे लोग हैं जिन्होंने कभी रायपुर नहीं देखा था. 70 फीसदी लोग ऐसे हैं जिन्होंने जगदलपुर भी नहीं देखा था. पहली बार इन लोगों ने चुनाव में वोट डाला है. एक तरह का ग्रुप होता है जो यह कहती थी कि बस्तर में आदिवासियों को परेशान किया जाता है. नक्सल हिंसा में हाथ पैर खोने वाले 55 लोग दिल्ली गए थे. केंद्रीय गृह मंत्री ने अपने घर में उनका स्वागत किया था. राष्ट्रपति ने मुलाकात की थी. दिल्ली में एक ऐसा प्रेस कांफ्रेंस हुआ, जहाँ कोई नेता नहीं था. दुनिया की मीडिया के सामने बस्तर का पीड़ित बैठा था. उन्होंने अमित शाह से आग्रह किया कि नक्सलवाद को खत्म कर दें. उन लोगों में एक 14 साल की बच्ची भी थी जो एक टिफिन बम की चपेट में आकर घायल हो गई थी.

उन्होंने कहा कि बस्तर के उन इलाकों में मोबाइल, बिजली, सड़क जैसी सुविधाओं से वंचित रखा गया था. अब वहाँ राशन कार्ड बन रहा है. राशन कार्ड बन रहे हैं. उन इलाकों में सुविधाएं पहुँच रही है. सामूहिक आत्म समर्पण करने वाले नक्सलियों को दी जाने वाली राशि अब दोगुनी हो जाएगी. इलवद पंचायत अभियान की शुरूआत हम बस्तर में करने जा रहे हैं. इलवद का अर्थ है मुक्त होना. नक्सलवाद से मुक्त होने वाले गांवों को एक करोड़ रुपए की राशि दी जाएगी. पंचायत और पुलिस विभाग कदमताल बढ़ाकर इस कार्य को पूरा करेगी. बस्तर ओलंपिक में एक लाख 25 हजार लोगों ने भाग लिया. उनमें ऐसे लोग भी थे जिन्होंने नक्सलवाद छोड़कर मुख्य धारा में शामिल होना चुना है. पहले जंगलों में बंदूक लेकर मुख्य धारा में आने वाली टीमें भी वहाँ थी. पाँच राज्यों के लोग वहाँ आकर स्थानीय लोगों को समझते थे कि मुख्य धारा में लौट आइए. दंतेवाड़ा में एक अप्रैल से तीन अप्रैल तक बस्तर पांडुम का आयोजन किया जा रहा है. देश भर के लोग इसे देखने आ रहे हैं. बस्तर की संस्कृति, कलायें एक स्थान पर देखने को मिलेगी.

बस्तर के गांवों में नक्सलवाद पर बलिदान देने वाले अमर बलिदानियों की मूर्ति लगाई जाएगी. उनका स्मारक बनाया जाएगा. बस्तर में नक्सलवाद समाप्त हो इसके पीछे दुश्चिंता नहीं होनी चाहिए. मैं सिलगेर गया हूँ, पुवर्ती गया हूँ. वहाँ बिजली नहीं है, पानी नहीं है, मोबाइल टावर नहीं है, 25 साल के युवा ने कभी टीवी नहीं देखी है. अब वहाँ परिवर्तन आ गया है. मार्च 2026 में सशस्त्र नक्सलवाद समाप्त कर लिया जाएगा. इसमें कोई संशय नहीं है. गृह मंत्री ने बताया कि एनडीपीएस, गौ तस्करी जैसे मामलों के लिए विशेषज्ञों की टीम बनाई जा रही है. इसके लिए भी बजट में प्रावधान किया गया है. मादक पदार्थों के व्यापार से बनाई गई संपत्ति को कुर्क किया जा रहा है. प्रदेश में यह पहली बार किया गया है. बिलासपुर और दुर्ग में चार करोड़ की संपत्ति जप्त की गई है.

**खून से सीएम और मंत्रियों को लिखा पत्र**

# बर्खास्त बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों ने न्याय की लगाई गुहार

**समायोजन नहीं करने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी**

संवाददाता ● रायपुर

प्रदेशभर के प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत बीएड प्रशिक्षित शिक्षकों को सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के चलते सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है. बर्खास्त बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षक समायोजन की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं. 97 दिनों से लगातार शांतिपूर्ण एवं नए तरीके से अपना विरोध दर्ज करने के बाद हताश और निराश होकर बर्खास्त सहायक शिक्षकों ने आज मुख्यमंत्री और सभी मंत्रियों को अपने खून से हस्तलिखित निवेदन पत्र लिखा और न्याय की गुहार लगाई।






इस ऐतिहासिक विरोध कार्यक्रम में हजारों शिक्षकों ने एक साथ धरना स्थल पर अपने अधिकारों, सेवा सुरक्षा और समायोजन की मांग को लेकर सरकार से अंतिम अपील की. शिक्षकों ने स्पष्ट किया कि वे केवल न्याय की मांग कर रहे हैं और सरकार के पास संवैधानिक रूप से इन्हें समायोजित करने का पूरा अधिकार है. बर्खास्त सहायक शिक्षकों के समायोजन के लिए यदि सरकार जल्द कोई ठोस निर्णय नहीं लेती है तो शिक्षक अपने आंदोलन को और अधिक उग्र रूप देने के लिए बाध्य होंगे. उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की है कि शिक्षकों के भविष्य को बचाने के लिए त्वरित निर्णय लिया जाए और समायोजन की प्रक्रिया जल्द प्रारंभ की जाए. हमारा संघर्ष न्याय के लिए है. जब तक न्याय नहीं मिलेगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

नवा रायपुर के तूता धरना स्थल में अनिश्चितकालीन हड़ताल में बैठे बर्खास्त सहायक शिक्षकों ने कहा, नौकरी के बदले नौकरी चाहिए. हमें समायोजन किया जाए. इसमें हमारी क्या गलती है. भर्ती प्रक्रिया राजपत्र में प्रकाशित हुआ. जो नियम कानून बने उसके आधार पर हम लोगों ने परीक्षा दी. परीक्षा पास होकर अच्छे अंक लाए तब जाके नौकरी मिली थी. जब भर्ती लेने वाले दोषी नहीं है तो हम कैसे दोषी हो गए ? सरकार की ओर से गठित कमेटी की अब तक रिपोर्ट नहीं आई है. जब तक नौकरी नहीं मिलेगी तब तक यहां से नहीं उठेंगे।

### मानसिक रूप से हो चुके हैं परेशान

बर्खास्त शिक्षकों ने कहा, 15 महीनों तक हमने नौकरी की है. चुनाव में भी ड्यूटी लगाया गया था. नौकरी से निकाले जाने से आज मानसिक आर्थिक रूप से परेशान हो चुके हैं. समाज में तंज कसा जा रहा है. हम सरकार से पूछना चाहते हैं कि क्या परीक्षा देना हमारी गलती थी ? परीक्षा में ज्यादा नंबर लाना क्या हमारी गलती थी ? जब तक हमें समायोजन नहीं किया जाएगा, हमारी नौकरी हमें नहीं लौटाई जाएगी तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा।

### कलेक्टर बंगले के पास नर्सरी में लगी आग

**बलौदाबाजार।** बलौदाबाजार-भाटापारा कलेक्टर दीपक सोनी के बंगले के पास लगी नर्सरी में देर रात अचानक आग की लपटें उठते ही फैलने लगी, जिससे आसपास रहने वाले लोगों में हड़कंप मच गया. वहीं कोतवाली पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी ने रात्रि गश्त के दौरान इसे देखा और तत्काल दमकल विभाग को सूचित किया. घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया.घटना रात लगभग दो बजे के आसपास की है. आग लगने के कारणों का फिलहाल स्पष्ट पता नहीं चला है, पर यह कयास लगाया जा रहा है कि मुख्य मार्ग में यात्री प्रतीक्षालय है, जहां देर रात तक कुछ युवा बैठे रहते हैं तथा धूम्रपान आदि करते हैं. हो सकता है कि किसी ने जलती हुई सिगरेट फेंक दी हो और पतझड़ के कारण सूखे पत्तों में आग लग गई हो. फिलहाल, कोतवाली पुलिस की जागरूकता व दमकल की मुस्तैदी से आग पर काबू पाने से लोगों ने राहत की सांस ली।

### ट्रक और बाइक की जबरदस्त टक्कर, दोनों वाहनों में लगी भीषण आग



**कोरबा।** कोरबा जिले के बांगो क्षेत्र में बिलासपुर-अंबिकापुर मुख्य मार्ग पर एक भीषण सड़क हादसा हुआ. तेज रफ्तार ट्रक और बाइक की आमने-सामने जबरदस्त टक्कर हो गई, जिससे बाइक ट्रक के नीचे फंस गई और दोनों वाहनों में भीषण आग लग गई।

जानकारी के अनुसार, बाइक पर दो लोग सवार थे, जो ग्राम लेपरा के निवासी हैं और अपने रिश्तेदार के घर से लौट रहे थे. टक्कर के बाद बाइक सवारों को मामूली चोटें आईं, जबकि हादसे के तुरंत बाद ट्रक चालक घायल अवस्था में वाहन छोड़कर फरार हो गया.

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में राहगीरों की भीड़ लग गई. तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी गई, जिसके बाद दमकल वाहन मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाने का प्रयास किया. घटना की सूचना मिलते ही बांगो पुलिस और 112 की टीम मौके पर पहुंची. घायलों को 112 की मदद से उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है.

## बैंक मैनजर ने किया बड़ा खेल, फर्जी खाते खुलवाकर जमा करवाए ऑनलाइन सट्टा के 82 लाख रुपए, पुलिस ने किया गिरफ्तार

संवाददाता ● रायपुर



राजधानी रायपुर के देवेंद्र नगर स्थित एचडीएफसी बैंक में बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है. यहां फर्जी खातों में ऑनलाइन सट्टा की बड़ी रकम को जमा कराया गया. मामले में पुलिस ने आरोपी बैंक मैनजेर नितिन देवांगन को जगदलपुर से गिरफ्तार किया है. इन फर्जी खातों में लाखों रुपए जमा कराए गए थे। जानकारी के मुताबिक, देवेंद्र नगर स्थित एचडीएफसी बैंक में नितिन देवांगन ब्रांच मैनेजर के पद पर पदस्थ है. आरोपी बैंक मैनेजर बैंक में फर्जी खाते खुलवाकर ऑनलाइन सट्टा की रकम जमा करवाए. इन खातों में कुल 82 लाख 83 हजार रुपए से ज्यादा की रकम जमा कराई गई. 2020 से लेकर 2025 तक बैंक मैनेजर नितिन देवांगन ने इस फर्जीवाड़े को अंजाम दिया. देवेंद्र नगर थाना में आरोपी नितिन के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा में एफआईआर दर्ज किया. पुलिस ने जगदलपुर से बैंक मैनेजर नितिन को गिरफ्तार किया।

## चार आरोपी गिरफ्तार, ठगी की रकम रखने उपलब्ध कराते थे बैंक खाते, हर ट्रांजेक्शन पर मिलता था कमीशन

संवाददाता ● डोंगरगढ़

छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ में साइबर ठगों के लिए बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले चार लोगों को गिरफ्तार कर पुलिस ने एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। ये आरोपी अपने बैंक खाते, एटीएम कार्ड और सिम साइबर अपराधियों को बेचते या किराए पर देते थे, ताकि ठगी की रकम को ठग आसानी से इधर-उधर कर सकें। मिशन साइबर सुरक्षा के तहत थाना डोंगरगढ़ और साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई में इनकी गिरफ्तारी हुई। पूछताछ में इन चारों ने जुर्म कबूल किया, जिसके बाद इन्हें जेल भेज दिया गया।




राजनांदगांव पुलिस को साइबर अपराध समन्वय पोर्टल के जरिए पता चला कि कुछ बैंक खातों का उपयोग देशभर में ऑनलाइन ठगी के लिए किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में इन खातों की जांच शुरू हुई। साइबर सेल की टीम ने डोंगरगढ़ के चार संदिग्ध खातों की पहचान की, जिनके जरिए ठगी की रकम आगे ट्रांसफर हो रही थी।जांच के दौरान पुलिस को पुष्पदीप भाटिया, मिहीर देवांगन, खेमेन्द्र साहू और योगेंद्र यादव पर शक हुआ।

इनके बैंक खातों से लगातार संदिग्ध लेन-देन हो रहे थे। 19 मार्च की रात पुलिस टीम ने दबिश देकर चारों को हिरासत में लिया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि ये लोग साइबर ठगों को अपने और अन्य लोगों के बैंक खाते मुहैया कराते थे। इन खातों का उपयोग ठगी के पैसों को आगे बढ़ाने के लिए किया जाता था, ताकि असली अपराधी तक पुलिस न पहुंच सके। खाताधारकों को हर ट्रांजेक्शन पर कमीशन मिलता था, जबकि मास्टरमाइंड खुद पर्दे के पीछे छिपा रहता था। गिरफ्तार किए गए चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेजा गया। पुलिस अब इस गिरोह के अन्य सदस्यों और मास्टरमाइंड की तलाश कर रही है।

### अनजान को न दें बैंक खाता, एटीएम व सिम

इस मामले के सामने आने के बाद पुलिस ने जनता को सचेत किया है कि अगर कोई अपने बैंक खाते, एटीएम या सिम को किसी अनजान व्यक्ति को देता है तो वह भी अपराध में भागीदार माना जाएगा। उसके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साइबर अपराधियों के लिए सुविधा का सौदा बनना अब भारी पड़ सकता है।

## पंडो जनजाति की दो बच्चियां घर से गायब, परिजनों ने जताई अपहरण की आशंका



**बलरामपुर।** संदिग्ध परिस्थिति में घर से पंडो जनजाति की दो बच्चियां गायब होने से इलाके में सनसनी फैल गई है. यह घटना वाड्रफनगर थाना क्षेत्र की है. परिजन बच्चियों के अपहरण की आशंका जता रहे. पुलिस ने मामला दर्ज कर बच्चियों की तलाश शुरू कर दी है.बताया जा रहा कि होली के एक दिन बाद झारखंड के 2 लड़कों ने बच्चियों का अपहरण किया है. खोजबीन के बाद बच्चियों के नहीं मिलने पर परिजनों ने मामले की शिकायत थाने में की है. एएसपी विश्वदीपक त्रिपाठी ने बताया, पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है. जल्द ही आरोपियों को पकड़ा जाएगा और सकुशल बच्चियों को बरामद कर परिजनों को सौंपा जाएगा।

!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!
दैनिक आदित्य भारत
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, शुक्रवार, 21 मार्च, 2025
www.adityabharat.com





### इजराइल में होगा तख्तापलट?

# फिर से युद्ध शुरू करने पर नेतन्याहू के घर के बाहर जुटे प्रदर्शनकारी

**एजेंसी ● तेलअवीव**

इजराइल में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ जनता का गुस्सा चरम पर है। गाजा में युद्ध फिर से शुरू होने और शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों को बर्खास्त करने के फैसले ने देश में भारी असंतोष फैला दिया है। हजारों प्रदर्शनकारी नेतन्याहू के घर के बाहर इकट्ठा होकर उनके इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। इससे पहले बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ भी इसी तरह के विरोध प्रदर्शन हुए थे। अब सवाल उठ रहा है कि क्या इजराइल में भी सत्ता परिवर्तन की बयार चल रही है? गाजा में संघर्ष विराम टूटने के बाद नेतन्याहू सरकार ने फिर से बमबारी शुरू कर दी, जबकि अब भी 59 बंधक हमास के कब्जे में हैं। इनमें से करीब 24 लोगों के जीवित होने की संभावना जताई गई है। युद्ध जारी रहने से बंधकों की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि नेतन्याहू राजनीतिक लाभ के लिए युद्ध को लंबा खींच रहे हैं और देश की सुरक्षा से खिलवाड़ कर रहे हैं।

**प्रदर्शनकारी**

### सुरक्षा एजेंसी के प्रमुख की बर्खास्तगी

नेतन्याहू सरकार ने हाल ही में शिन बेट खुफिया एजेंसी के प्रमुख रोनन बार और अटॉर्नी जनरल गली बहारव-मिआरा को हटाने का फैसला किया। इससे जनता में भारी रोष है। लोग इसे तानाशाही कदम बता रहे हैं। खासकर पूर्व सैन्य और सुरक्षा अधिकारियों का समूह 'डिफेंसिव शील्ड फोरम' इस फैसले के खिलाफ मुखर हो गया है। कई प्रदर्शनकारियों ने इसे लोकतंत्र के लिए खतरा करार दिया है और नेतन्याहू की नीतियों की कड़ी आलोचना की है।

### सड़कों पर उतरा जनसैलाब

रात को दसियों हजार लोग सड़कों पर उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने इजराइली झंडे और पीले बैनर लहराते हुए राजधानी यरुशलम की ओर कूच किया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए मुख्य हाइवे ब्लॉक कर दिए और पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया। कई स्थानों पर प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़पें हुईं, जिसमें कम से कम 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

### सरकार पर गिर सकती है गाज?

इजराइल में विरोध प्रदर्शन कोई नई बात नहीं है, लेकिन इस बार जनता का गुस्सा सरकार के खिलाफ संगठित होता दिख रहा है। नेतन्याहू पहले से ही भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे हुए हैं और अब सुरक्षा व न्याय व्यवस्था को कमजोर करने के फैसलों से उनकी स्थिति और बिगड़ गई है। कई विश्लेषकों का मानना है कि अगर यह विरोध प्रदर्शन और तेज हुआ, तो नेतन्याहू को इस्तीफा देना पड़ सकता है या उनकी सरकार गिर सकती है।

### इजराइल में तख्तापलट की आहट?

देश में इस तरह का जनाक्रोश और सरकार विरोधी माहौल एक बड़े राजनीतिक संकट की ओर इशारा कर रहा है। कुछ राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि अगर हालात नहीं संभले, तो इजराइल में नेतृत्व परिवर्तन तय है। विपक्षी पार्टियां इस मौके का फायदा उठाकर नेतन्याहू सरकार को हटाने की रणनीति बना रही हैं। आने वाले दिनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या इजराइल में सत्ता परिवर्तन होगा या नेतन्याहू इस संकट से बाहर निकलने में कामयाब होंगे?

## शॉट न्यूज

### गाजावासियों पर फिर टूटी इजरायली सेना

**तेल अवीव।** इजरायल ने गाजा के लोगों को आखिरी वार्निंग देने के बाद एक बार फिर बड़े पैमाने पर जंग छेड़ दी है। एयरस्ट्राइक के बाद अब इजरायली सेना ने गाजा पर जमीनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इजराइली सेना ने बुधवार को कहा है कि उसने गाजा में लक्षित जमीनी कार्रवाई शुरू की है और गाजा के कुछ हिस्सों पर दोबारा कब्जा भी कर लिया है। गौरतलब है कि इससे एक दिन पहले ही गाजा पर हवाई हमले शुरू कर दिए थे। इन हमलों में 400 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। वहीं हमास के साथ किया गया युद्धविराम समझौता भी खत्म होने की कगार पर पहुंच गया।इजरायली रक्षा बलों (IDF) ने बुधवार को बताया है कि सैनिकों ने सुरक्षा क्षेत्र का विस्तार करने और उत्तरी और दक्षिणी गाजा के बीच आंशिक बफर बनाने के लिए मध्य और दक्षिणी गाजा पट्टी में जमीनी कार्रवाई शुरू की है।

### हमास का पीएम ढेर, 3 लड़ाकों की भी मौत

**तेल अवीव।** इजराइल ने गाजा में हमास के प्रधानमंत्री इस्साम दिब अब्दुल्ला अल-दालीस को मार गिराया है। इजराइल डिफेंस फोर्सेस ने अब्दुल्ला की मौत की पुष्टि की है। अब्दुल्ला ने जुलाई 2024 में रूही मुश्ताहा की मौत के बाद उसकी जगह ली थी। अब्दुल्ला गाजा में हमास की सरकार चलाता था। उसके पास हमास के संगठन और लड़ाकों की गतिविधियों की जिम्मेदारी भी थी। पिछले 24 घंटे में इजराइल ने हवाई हमलों में हमास के 3 बड़े आतंकियों को भी मार गिराया है। इनमें हमास के कमांडर और पॉलिटिकल लीडर महमूद मारजूक अहमद अबू-वत्फा, बहजत हसन मोहम्मद अबू-सल्तान और अहमद ओमर अब्दुल्ला अल-हाता शामिल हैं।


**रूस-यूक्रेन में सैनिकों की अदला-बदली, ट्रंप ने जेलेंस्की से रखी बड़ीं डिमांड**

# पॉवर प्लांट का कंट्रोल हमें सौंपें, यह सुरक्षा के लिए जरूरी : ट्रंप

**एजेंसी ● वॉशिंगटन डीसी/ कीव**

यूक्रेन जंग पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से 1 घंटे बात की है। अमेरिका विदेश मंत्री और एनएसए ने बयान जारी कर बताया कि व्हाइट हाउस ने यूक्रेन के पावर प्लांट्स की सुरक्षा के लिए उनका कंट्रोल अमेरिका को देने का सुझाव दिया है। वहीं, जेलेंस्की ने एक्स पर लिखा, मैंने जंग खत्म करने की दिशा में पहले कदम के तौर पर ऊर्जा और अन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर पर हमला न करने का समर्थन किया। हम इसे लागू करने के लिए तैयार हैं। अपनी टीम को आंशिक सीजफायर लागू करने और अन्य तकनीकी मुद्दों को हल करने का निर्देश दिया है। यूक्रेन अमेरिका कॉ-ऑर्डिनेशन बनाए रखने के लिए सऊदी अरब में मिलने को तैयार हैं। इससे पहले ट्रम्प ने कहा था, 'हम सही रास्ते पर हैं। हमारी ज्यादातर बातचीत कल पुतिन से हुई बात के इर्द-गिर्द रही। विदेश मंत्री मार्को रुबियो और एनएसए माइकल वाल्ट्ज इस बातचीत की डिटेल देंगे।

**डिमांड**



### पुतिन ने ट्रम्प को बात करने के लिए 1 घंटे वेट कराया

एक दिन पहले ट्रम्प ने यूक्रेन जंग रोकने को लेकर रुसी राष्ट्रपति पुतिन को भी फोन किया था। इसके बाद पुतिन ने कहा था कि वो अगले 30 दिनों तक यूक्रेन के ऊर्जा ठिकानों पर हमला नहीं करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रुसी राष्ट्रपति पुतिन ने फोन कॉल के लिए डोनाल्ड ट्रम्प को 1 घंटा इंतजार कराया था। दोनों के बीच बातचीत के लिए स्थानीय समयानुसार शाम 4 से 6 बजे (भारतीय समयानुसार शाम 6:30 से रात 8:30 तक) का वक्त रखा गया था। पुतिन 1 घंटे की देरी से यानी करीब 5 बजे क्रेमलिन (राष्ट्रपति कार्यालय) पहुंचे। दरअसल पुतिन मॉस्को में एक कार्यक्रम में उद्योगपतियों और व्यापारियों को संबोधित कर रहे थे।

# तुर्की में अगले राष्ट्रपति चुनाव से पहले मेयर समेत 100 से अधिक लोग गिरफ्तार

**एजेंसी ● अंकारा**

तुर्की में इस्लामिक खिलाफत वापस लाने का मंसूबा रखने वाले राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन विरोधियों को पूरी तरह से कुचल देने में जुट गए हैं। तुर्की की पुलिस ने एर्दोगन के सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी और देश की सबसे बड़ी आबादी वाले शहर इस्तांबुल के मेयर को हिरासत में ले लिया है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस कदम का उद्देश्य अगले राष्ट्रपति चुनाव से पहले सभी संभावित दावेदारों को हटाना और एर्दोगन के आगे के शासन के लिए राह आसान करना है। इमामोग्लू को भ्रष्टाचार और आतंकवाद के खिलाफ जांच के तहत हिरासत में लिया गया है।

इमामोग्लू के खिलाफ कार्रवाई के बाद तुर्की में विपक्षी भड़क गए हैं। तुर्की के मुख्य विपक्षी दल ने इस कार्रवाई को 'अगले राष्ट्रपति के खिलाफ तख्तापलट' कहा और इसकी निंदा करते हुए बड़े पैमाने पर विरोध का आह्वान किया है। मेयर इमामोग्लू से जुड़े करीब 100 और लोगों को भी हिरासत में लिया गया है, जिनमें इस्तांबुल डिस्ट्रिक्ट मेयर रेसुल इमरान साहन और मूरत कालिक शामिल हैं। इमामोग्लू की गिरफ्तारी तब हुई, जब कुछ ही दिनों में उन्हें प्रमुख विपक्षी रिपब्लिकन पीपल्स पार्टीका आधिकारिक राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया जाना था। इमामोग्लू कई सर्वेक्षणों में एर्दोगन से आगे चल रहे हैं। उनके खिलाफ दो अलग-अलग जांच चल रही है, जिसमें आपराधिक संगठन का नेतृत्व करने, रिश्वतखोरी और टेंडर में धांधली के आरोप भी शामिल हैं। सोशल मीडिया पर शेयर किए पत्र में मेयर इमामोग्लू ने कहा कि तुर्की के लोग उनके खिलाफ झूठ, साजिश और जाल बुनने का जवाब देंगे। इसके पहले घर से पुलिस स्टेशन के लिए निकलने से पहले उन्होंने कहा कि वे दबाव आगे हार नहीं मानेंगे।

### बलूच महिलाओं के खिलाफ जहर उगल रहा पाकिस्तानी 'लाल टोपी' जैद हामिद

# मुस्लिम महिलाएं ऐसे नहीं चिल्लाती, बलूच औरतें बेशर्म, कपड़े फाड़कर चिल्ला रहीं...

**एजेंसी ● इस्लामाबाद**

पाकिस्तानी सेना का प्रॉपगैंडा एक्सपर्ट और भारत विरोधी कट्टर इस्लामी जैद हामिद अब बलूचों के खिलाफ जहर उगलने लगा है। उसने अपने ही देश के नागरिकों, खासकर एक प्रांत की महिलाओं को लेकर अभद्र टिप्पणियां की और पाकिस्तानी सेना की जमकर तारीफों के पुल बांधे। उसका बयान तब आया है, जब कुछ दिनों पहले ही बलूच विद्रोहियों ने एक ट्रेन का अपहरण कर लिया था। इस दौरान उन्होंने 100 से अधिक पाकिस्तानी सैनिकों को बंदी बनाने और हत्या करने का भी दावा किया था। जैद हामिद को 'लाल टोपी' के नाम से भी जाना जाता है। इसे अक्सर भारत के खिलाफ 'गजवा-ए-हिंद' पर जहर उगलते हुए सुना जा सकता है।

**जहर**

### जैद हामिद ने बलूच औरतों को बताया 'बेगैरत'



उसने आगे कहा, "इजरायलियों ने क्या-क्या जुल्म नहीं किया फिलिस्तीनी औरतों पर। एक फिलिस्तीनी औरत कभी नहीं बोलती कि हमारे साथ इजरायल ने क्या किया। अफगानी औरतों के साथ अमेरिकी फौज ने क्या किया, एक भी अफगानी औरत नहीं बोलती। इनके साथ कुछ भी नहीं किया पाकिस्तानी आर्मी ने और सड़क पर चीखें मार रही होती हैं कि हमारी सलवारें फाड़ दीं तो कपड़े फाड़ दिए। ऐसी बेगैरत औरते हैं ये...। कोई मुसलमान औरत ऐसी चीखती-चिल्लाती नहीं है, तवायफों की तरह कि हमारे कपड़े फट गए और हमारी सलवारें उतार दीं।'

### जैद हामिद ने बलूच औरतों पर क्या कहा

जैद हामिद ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा, "पाकिस्तानी फौज है, जो तुम्हारी (बलूच) औरतों की इज्जत बचा रही है। अगर इंडियन आर्मी यहां पर आएगी तो उसके सामने ऐसे जलूस निकालेंगे तो वो... सड़क पर घसीटते हुए ले जाएंगे। इनके ख्याल में इंडियन आर्मी वैसे ही लिहाज करेगी, जैसे पाकिस्तानी फ्रंटियर फोर्स (एफसी) और पाकिस्तानी सेना लिहाज करती है। बेशर्म औरते हैं ये सारी की सारी। कोई गैरतमंद औरत अपनी बेइज्जती और... की बात पब्लिक में नहीं करती।"

**बलूचिस्तान में क्या कर रही पाकिस्तानी सेना :** पाकिस्तानी सेना दशकों से अपने ही देश के बलूच नागरिकों के व्यवस्थित नरसंहार में शामिल रही है। खुद पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार किया है कि बलूचिस्तान के लोगों पर सेना ने जुल्म किए हैं। लोगों को जबरन गायब किया गया है। आज भी हजारों की संख्या में बलूच नागरिकों का कोई अता-पता नहीं है। ये वो लोग हैं, जिन्हें पाकिस्तानी सेना ने अगवा किया।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक -** दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।
**संपादक-** दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)